mediaauditornews@gmail.com Epaperdainikmediaauditor.in वर्ष-29 अंक-272 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

रीवा

02 अक्टूबर 2025 गुरुवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

रीवा, सतना एवं मनेन्द्रगढ़ से एक साथ प्रकाशित



द्रोणाचार्य अवॉर्ड पाने...

@ पेज 7





## असत्य पर सत्य की विजय का पर्वः हर्षोल्लास से आज मनाई जाएगी विजयादशमी

# कोटा में बारिश से रामलीला में लंका दहन टला, बिगड़ी व्यवस्था

**कोटा, एजेंसी।** शहर में मंगलवार शाम को आई बारिश के बाद भी दशहरा मैदान में 215 फीट का रावण खड़ा रहा। इतनी तेज बारिश की मार के बावजूद रावण पर वाटरप्रूफ तकनीक के चलते उस पर कोई असर नहीं हुआ। वहीं शहर के श्रीराम रंगमंच पर चल रही रामलीला में लंका दहन का प्रसंग बारिश के कारण टल गया।

राजस्थान में मानसून विदाई के चार दिन बाद मंगलवार शाम को मौसम ने अचानक करवट ली। दक्षिण-पूर्वी जिलों में एक्टिव नए सिस्टम के कारण कोटा, जयपुर, दौसा, अजमेर और सीकर में मूसलाधार बारिश हुई। कई इलाकों में एक घंटे में 2 से 3 इंच तक बरसात हुई। कोटा में मंगलवार को





6.1 एमएम बारिश रिकॉर्ड हुई।

**दशहरा मैदान में 215 फीट का रावण खड़ा रहा :** शहर में मंगलवार शाम को आई बारिश के बाद भी दशहरा मैदान में 215 फीट का रावण खड़ा रहा। वहीं नवरात्रि की अष्टमी पर मंदिरों में भारी भीड़ रही। इस दौरान अचानक हुई बारिश से भक्तों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। रामलीला पंडालों में लोग भीगते नजर आए और कई लोग रामायण के सेट के नीचे जाकर छुपे।

**रामलीला के मैदान में पानी भरा, लंका दहन का प्रसंग टल गया :** मंगलवार रात साढ़े 9 बजे के बाद झमाझम बारिश ने दशहरे की तैयारियां बिगाड़ दीं। श्रीराम रंगमंच पर चल रही रामलीला में लंका दहन का प्रसंग टल गया। मैदान में पानी भरने से मेले में अफरा-तफरी रही। इधर, महावीर नगर और आरकेपुरम क्षेत्र में बिजली गुल होने से लोग अंधेरे और उमस से परेशान रहे।

वहीं मंदिरों में चल रही रामायण मोबाइल की टॉर्च जलाकर पढ़ी गई। लगातार बारिश से तापमान में गिरावट आई और गर्मी-उमस से राहत मिली। वहीं दोपहर के समय ग्रामीण इलाकों में भी तेज बारिश हुई।

## भारी बारिश से जयपुर में रावण के पुतले बहे

## मानसून सीजन खत्म, देश में 1500 मौतें अक्टूबर में 15% ज्यादा बारिश संभव

**नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ, एजेंसी।** देशभर से मानसून मंगलवार को खत्म हो गया, लेकिन बारिश का दौर जारी है। राजस्थान में बुधवार को तेज बारिश का अलर्ट है। कल जयपुर, सीकर सहित कई जिलों में झमाझम बारिश हुई। जयपुर में 2 घंटे की बारिश से सड़कें तालाब बन गईं। जयपुर के



इलाकों में 2 से 3 फीट पानी भर गया। दशहरा पर रावण दहन के लिए तैयार पुतले भी पानी में बहते दिखे। कोटा में 221 फीट ऊंचा रावण का पुतला भीग गया। दावा है कि यह दुनिया का सबसे ऊंचा रावण का पुतला है। मौसम विभाग ने राजस्थान में दशहरे के दिन, 2 अक्टूबर को भी तेज बरसात की आशंका जताई है। भारतीय मौसम विभाग (IMD) ने बताया कि इस साल देश में मानसून सीजन (जून से सितंबर तक) में सामान्य से 8त्न ज्यादा बारिश हुई है। भारत में चार महीने के दौरान 868.6mm बारिश होती है। इस साल 937.2mm वर्षा दर्ज की गई। मौसम से जुड़ी घटनाओं में 1520 लोगों की मौत हुई। कुल मौतों में से 935 बाढ़ और भारी बारिश से हुईं, जबकि 570 लोग बिजली गिरने और आंधी-तूफान में मारे गए। मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा 290 मौतें दर्ज की गईं। IMD ने बताया कि बारिश का दौर अक्टूबर से दिसंबर तक जारी रहेगा। अक्टूबर में सामान्य से 15% ज्यादा बारिश हो सकती है। तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, केरल और कर्नाटक में भी मानसून के बाद सामान्य से ज्यादा बारिश हो सकती है।




## अवकाश की सूचना

आज विजयादशमी के पर्व पर कार्यालय में अवकाश रहेगा।

अतः अखबार का अगला अंक (शनिवार)04 अक्टूबर को आएगा।

सभी संवाददाताओं, पाठकों एवं विज्ञापन दाताओं व शुभचिंतकों को विजयदशमी की शुभकामनाएं।

संपादक

## करूर भगदड़- सरकार ने हादसे के वीडियो जारी किए

## डिप्रेशन में गए विजय की पार्टी के कार्यकर्ता ने फंदे से लटक कर जान दी



**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु सरकार ने 27 सितंबर को एक्टर विजय की रैली से जुड़े वीडियो जारी किए हैं। सरकार का दावा है कि रैली के दौरान नियमों का उल्लंघन किया गया। रैली में अनुमान से दोगुनी भीड़ पहुंची, जिससे भारी अव्यवस्था और परेशानियां हुई।

करूर में एक्टर विजय की रैली में मची भगदड़ में 41 लोगों की मौत हो गई थी। 51 लोग अब भी ICU में हैं। इधर, भगदड़ के बाद डिप्रेशन में गए टीवीके के कार्यकर्ता अयप्पन ने फंदे से लटक कर जान दे दी है। विल्लुपुरम जिले के ञ्जक्क्य पदाधिकारी ने आत्महत्या कर ली। अय्यप्पन के पास से सुसाइड नोट भी मिला है।

51 साल के अय्यपन ने लिखा, जब विजय करूर आए थे, तब पर्याप्त पुलिस नहीं थी। विजय के प्रशंसकों ने अच्छा काम किया। यह हादसा सेंथिल बालाजी की वजह से हुआ। पुलिस भी इसमें शामिल है। उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार करके जेल भेजा जाना चाहिए।

**विजय बोले- बदला मुझसे लें, मेरे लोगों से नहीं :** भगदड़ के 2 दिन बाद एक्टर विजय थलपति ने मंगलवार को एक वीडियो जारी किया। इसमें विजय ने कहा, क्या ष्टरू स्टालिन बदला लेने की कोशिश कर रहे हैं। हमने कुछ गलत नहीं किया। अगर बदला लेना है तो मेरे पास आओ। मैं घर में मिलूंगा या ऑफिस में। मेरी पार्टी के पदाधिकारियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

## मोदी बोले- घुसपैठियों से चुनौती मिल रही, सतर्क रहना है

# संघ के पास डेमोग्राफी में बदलाव रोकने का रोडमैप; डाक टिकट-सिक्का जारी किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दशहरा से पहले देशवासियों को चेतावनी दी है कि घुसपैठ और बाहरी ताकतों से भी बड़ा खतरा जनसांख्यिकीय परिवर्तन है। उन्होंने कहा कि हालांकि, अवैध घुसपैठिए और बाहरी खतरे लंबे समय से देश की एकता के लिए चुनौती रहे हैं लेकिन आज बड़ी चुनौतियां जनसांख्यिकीय परिवर्तनों से आ रही हैं क्योंकि ये सामाजिक बराबरी को कमजोर कर रहे हैं। बुधवार (01 अक्टूबर) को नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष समारोह को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि विविधता में एकता भारत की आत्मा है, लेकिन जाति, भाषा, क्षेत्रवाद और अतिवादी सोच से प्रेरित विभाजन का अगर सामना नहीं किया गया तो यह राष्ट्र को कमजोर कर सकता है। उन्होंने कहा, सामाजिक बराबरी का अर्थ है वंचितों को प्राथमिकता देकर सामाजिक न्याय की स्थापना करना और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना। आज, ऐसे संकट उभर रहे हैं जो हमारी एकता, संस्कृति और सुरक्षा पर सीधा प्रहार करते हैं। अतिवादी सोच, क्षेत्रवाद, जाति-भाषा पर विवाद और बाहरी ताकतों द्वारा भड़काए गए विभाजन। ये सभी अनगिनत चुनौतियाँ हमारे सामने खड़ी हैं। उन्होंने कहा कि भारत की आत्मा सदैव विविधता में एकता रही है। इसके साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि अगर यह सिद्धांत टूट गया तो राष्ट्र की ताकत भी कमजोर हो जाएगी।



### पीएम ने आरएसएस पर डाक टिकट भी जारी किया

प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समाज के विभिन्न वर्गों के साथ मिलकर काम करता है, लेकिन इसकी विभिन्न शाखाओं के बीच कभी अंतर्विरोध नहीं होता क्योंकि ये सभी राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत पर काम करते हैं। आरएसएस की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक डाक टिकट जारी करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि संघ के स्वयंसेवक राष्ट्र की सेवा और समाज को सशक्त बनाने के लिए अथक प्रयास करते रहे हैं।

### राष्ट्र प्रथम का सिद्धांत

उन्होंने कहा, ''आज जारी किया गया स्मारक डाक टिकट एक श्रद्धांजलि है, जो 1963 के गणतंत्र दिवस परेड में गर्व से मार्च करने वाले आरएसएस स्वयंसेवकों की याद दिलाता है। अपनी स्थापना के बाद से आरएसएस ने राष्ट्र निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया है। आरएसएस समाज के विभिन्न वर्गों के साथ मिलकर काम करता है, लेकिन इसकी विभिन्न शाखाओं के बीच कभी कोई अंतर्विरोध नहीं होता क्योंकि ये सभी राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत पर काम करते हैं।'' मोदी ने कहा कि आरएसएस 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के विचार में विश्वास करता है, हालांकि आजादी के बाद इसे राष्ट्रीय मुख्यधारा में शामिल होने से रोकने के प्रयास किए गए। उन्होंने कहा, ''विविधता में एकता हमेशा से भारत की आत्मा रही है, अगर यह सिद्धांत टूटा तो भारत कमजोर हो जाएगा। चुनौतियों के बावजूद आरएसएस मजबूती से खड़ा है और निरंतर राष्ट्र की अथक सेवा कर रहा है।'' बता दें कि केशव बलिराम हेडगेवार ने 1925 में नागपुर में आरएसएस की स्थापना एक स्वयंसेवी संगठन के रूप में की थी जिसका उद्देश्य नागरिकों में सांस्कृतिक जागरूकता, अनुशासन, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देना था। मोदी खुद संघ प्रचारक थे और उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने से पहले एक कुशल संगठनकर्ता के रूप में अपनी पहचान बनाई थी। भाजपा की वैचारिक प्रेरणा हिंदुत्ववादी संगठन से मिलती है।

## पश्चिम बंगाल के दुर्गा पंडाल में टीएमसी विधायक ने गाया मदीना-काबा का गीत, भाजपा ने साधा निशाना



**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में एक दुर्गा पूजा पंडाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता मदन मित्रा के गाए एक गाने का आनंद लेने पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के निशाने पर आ गई हैं। भाजपा ने उन पर सनातन धर्म और सनातनी मान्यताओं को कुचलने का आरोप लगाया है।

पश्चिम बंगाल में दुर्गा पूजा के दौरान एक वीडियो सोशल मीडिया पर भारी विवाद का कारण बन गया है। राजधानी कोलकाता के एक भव्य पूजा पंडाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) विधायक मदन मित्रा मां दुर्गा की प्रतिमा के सामने मशहूर गीत मेरे दिल में मक्का है, मेरी आंखों में मदीना हैज् गाते दिखाई दिए हैं। इस दौरान मौजूद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी ताली बजाकर उनका उत्साह बढ़ाया। यह वीडियो सामने आते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और चौतरफा आलोचना शुरू हो गई।

नवरात्र के नौ दिनों में लोग शक्ति की देवी दुर्गा की आराधना करते हैं, देवी स्तुति, दुर्गा सप्तशती और दुर्गा चालीसा का पाठ होता है। ऐसे में मां दुर्गा की प्रतिमा के सामने इस्लाम से संबंधित गान किए जाने को सनातन आस्था पर आघात माना जा रहा है। सैकड़ो लोगों ने इस वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए कहा कि दुर्गा पूजा पंडालों में देवी की वंदना की जगह काबा और मदीना का गुणगान आस्था का अपमान है और यह सनातनियों को आहत करने वाला कृत्य है। लोगों ने इसे ममता सरकार की वोट बैंक राजनीति से जोड़ते हुए कहा कि राज्य की ऐतिहासिक सांस्कृतिक विरासत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

# केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 3 परसेंट बढ़ा

- **49 लाख कर्मचारी, 68 लाख पेंशनर्स को फायदा; 1 जुलाई से लागू, 3 महीने का एरियर मिलेगा**

**नई दिल्ली,एजेंसी।** केंद्र ने दिवाली और दशहरा से पहले केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 3 परसेंट की बढ़ोतरी कर दी है। यह इजाफा एक जुलाई से लागू होगा। कर्मचारियों को 3 महीने का एरियर मिलेगा। यह फैसला बुधवार को पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट मीटिंग में लिया गया। अब कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 55%से बढ़कर 58% हो जाएगा। इसका लाभ 49.2 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 68.7 लाख पेंशनर्स को मिलेगा। इससे केंद्र सरकार के खजाने पर 10,084 करोड़ रुपए का भार आएगा। 6 महीने पहले 2% महंगाई भत्ता बढ़ाया था मार्च महीने में महंगाई भत्ते में 2% की बढ़ोतरी की गई थी। तब यह 7 साल में सबसे कम इजाफा था। आमतौर पर महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी 3% से 4% के बीच होती है, लेकिन उस वक्त बढ़ोतरी सिर्फ 2% की गई थी। महंगाई से निपटने के लिए दिया जाता है DA महंगाई बढ़ने के बावजूद सरकारी कर्मचारियों और पेंशनधारकों के जीवन स्तर को बनाए रखने के लिए महंगाई भत्ता यानी, DA दिया जाता है।



## कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे बेंगलुरु के अस्पताल में भर्ती

# बेटे ने कहा- डॉक्टरों ने पेसमेकर लगाने की सलाह दी, इसलिए एडमिट हुए; उनकी हालत स्थिर

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे (83 साल) को मंगलवार को बेंगलुरु एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनके बेटे और कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खड़गे ने बुधवार ङ्ग पर इसकी जानकारी दी।

प्रियांक ने लिखा- मल्लिकार्जुन खड़गे को पेसमेकर लगाने की सलाह दी गई है और उन्हें पहले से प्लानिंग के तहत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत स्थिर है और वे बेहतर महसूस कर रहे हैं। आपकी चिंता और शुभकामनाओं के लिए आभारी हूं।



प्रियांक से पहले पार्टी सूत्रों ने PTI को बताया कि खड़गे को मंगलवार को बुखार और पैर में दर्द की शिकायत के बाद बेंगलुरु के एमएस रमैया अस्पताल ले जाया गया। वहां के डॉक्टर उनकी देखभाल कर रहे हैं।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बुधवार को खड़गे से अस्पताल जाकर मुलाकात की। बाद में पत्रकारों को बताया- उन्हें थोड़ी बेचैनी हो रही थी। वे अब ठीक हैं। बात कर रहे हैं।

## जनता का हक लूट रही है हिमाचल की कांग्रेस सरकार : नड्डा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार को जनविरोधी बताते हुए कहा कि वह जनता का हक लूटने की मंशा से टैक्स का बोझ बढ़ाकर उनकी जेब पर डांका डालने का कुत्सित प्रयास कर रही है। नड्डा ने बुधवार को एक्स पर एक वीडियो संदेश में कहा कि मोदी सरकार जहां जीएसटी बचत उत्सव के माध्यम से लोगों को बड़ी राहत प्रदान कर रही है, तो वहीं हिमाचल प्रदेश की जनविरोधी कांग्रेस सरकार जनता का हक लूटने की मंशा से टैक्स का बोझ बढ़ाकर उनकी जेब पर डांका डालने का कुत्सिक प्रयास कर रही है।

# अस्थियां लेकर जा रहे मां-बेटे समेत 6 की मौत

## पिता की 8 दिन पहले जान गई; मुजफ्फरनगर में अर्टिगा की टक्कर का सीसीटीवी सामने आया

**मुजफ्फरनगर, एजेंसी।** मुजफ्फरनगर में सड़क हादसे में एक परिवार के 5 लोगों समेत 6 की मौत हो गई। इनमें तीन महिलाएं और तीन पुरुष शामिल हैं। तेज रफ्तार अर्टिगा कार हाईवे किनारे खड़े ट्रक में घुस गई। कार में 7 लोग सवार थे, जिसमें 5 की मौके पर मौत हो गई। एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। एक की हालत गंभीर है।

दरअसल, हरियाणा के रहने वाले महेंद्र जुनेजा की कैंसर से मौत हो गई थी। उन्हीं की अस्थियों को गंगा में विसर्जित करने के लिए सभी करनाल से हरिद्वार जा रहे थे। हादसे में महेंद्र की पत्नी, एक बेटा, दो बहनें, एक जीजा और ड्राइवर की मौत हो गई।



हादसा बुधवार सुबह 6 बजे के करीब पानीपत-खटीमा हाइवे पर तितावी इलाके में हुआ। हादसा इतना भीषण था कि 14 फीट की अर्टिगा 8 फीट की रह गई। टक्कर के बाद चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से जैसे-तैसे सभी कार सवारों को बाहर निकाला। ज्यादातर की मौके पर ही मौत हो गई थी।

## पिता ने 2 बेटियों को मारकर पत्नी संग आग लगाई

## गांव के दो लड़कों की भी हत्या की; बहराइच में घर से मिलीं 6 लाशें

**बहराइच,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बहराइच में एक घर से 6 लोगों की लाशें मिली हैं। किसान ने पहले घर पर गांव के दो लड़कों की हत्या की। फिर अपनी दो बेटियों को भी मौत के घाट उतार दिया। उसने खुद को पत्नी के साथ घर में बंद कर आग लगा ली। घटना रामगांव इलाके के निंदुरपुरवा गांव में सुबह 9 बजे के आसपास हुई। आग की लपटें देखकर आसपास के लोग मौके की ओर भागे। देखते ही देखते वहां भीड़ जमा हो गई। चीख–पुकार मच गई। पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे दमकल के अमले ने तुरंत ही आग पर काबू किया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। मृतकों में विजय मौर्य (40), उसकी पत्नी धीरज कुमारी (35), बड़ी बेटी टेड़वा (8) और छुटकी (6) के अलावा गांव के सूरज यादव (14), सनी वर्मा (14) शामिल हैं। गांव के लोगों ने बताया– विजय के एक बेटे की दो महीने पहले मौत हो चुकी है। जबकि, बड़ी बेटी कंचना मौर्य की शादी बिछिया ब्लॉक मुकेरिया गांव में हुई है।

## महानवमी पर सीएम रेखा ने कन्या पूजन किया, कहा- हमारी बेटियों में देश और समाज का भविष्य



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शारदीय नवरात्रि के 9वें दिन महानवमी पर, राजकीय बालिका माध्यमिक विद्यालय, हैदरपुर, शालीमार बाग में कन्या पूजन किया। इस दौरान उन्होंने बेटियों की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि हमारे देश में बेटियों को हमेशा मां का स्वरूप माना गया है। सीएम ने जोर देकर कहा, हमारी बेटियों में देश और समाज का भविष्य है। हम इन्हें जितना आगे बढ़ाएंगे, देश का भविष्य उतना ही उज्ज्वल होगा। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, हमारे देश में हमेशा से बेटियों में मां का स्वरूप देखा जाता है। हमारी बेटियों में देश और समाज का भविष्य है। हम इन्हें जितना आगे बढ़ाएंगे देश का भविष्य उतना ही आगे बढ़ेगा। बच्चों ने मुझे अपने दिल की बात बताई। सरकार इनका साथ देने के लिए इनके साथ खड़ी है। हम दिल्ली सरकार की ओर से हौसलों की उड़ान कार्यक्रम की शुरुआत कर रहे हैं।

## 10 लाख रुपये चोरी करने के बाद कर दी लूट की झूठी कॉल

**नई दिल्ली, एजेंसी ।** बेटी की शादी करने के लिए निजी कंपनी के कर्मचारी ने लूट की झूठी साजिश रच दी। पुलिस को कॉल कर उसने बताया कि दो बदमाशों ने जबरन उससे 10 लाख रुपये और उसकी सोने की चेन लूट ली। उत्तर-पश्चिम जिला की केशवपुरम थाना पुलिस ने छानबीन की तो हकीकत का खुलासा हो गया। आरोपी गुरदेव सिंह की निशानदेही पर उसके घर से 10 लाख रुपये बरामद कर उसे हिरासत में ले लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया है कि बेटी की शादी के लिए मजबूर होकर उसने वारदात को अंजाम दिया।

उत्तर-पश्चिम जिला के पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया, सोमवार शाम को इम्पेक्स कंपनी में कलेक्शन एजेंट गुरदेव सिंह ने मालिक विरेन चोपड़ा के कहने पर करोल बाग से पेमेंट ली थी। करीब 1.30 बजे वह निकला। उसने पुलिस को बताया कि रेलवे ओवर ब्रिज पर करीब 3.50 बजे पहुंचने पर दो युवकों ने उसकी स्कूटी को ओवरटेक कर गिरा दिया। जबरन कैश और उसकी सोने की चेन लूटकर फरार हो गए।

पुलिस ने घटना स्थल की जांच की तो वहां गिरने के कोई निशान नहीं मिले। इसके अलावा उसकी स्कूटी पर भी कोई खरोंच नहीं थी। शक के आधार पर उससे पूछताछ की गई तो वह टूट गया। उसने फर्जी लूट की कहानी की रचने की बात बताई। कहा, बेटी की शादी के लिए उसे रुपयों की जरूरत थी। इसलिए उसने मालिक के पैसों को हड़पने के लिए साजिश रची।

## दिल्ली के किशनगढ़ में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़, दो गिरफ्तार, एक के पैर में लगी गोली

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आज सुबह करीब 6:15 बजे दिल्ली के किशनगढ़ इलाके में संजय वन के पास अरुणा आसफ अली रोड पर पुलिस और दो खतरनाक बदमाशों के बीच गोलीबारी हो गई। गुप्त सूचना के आधार पर दक्षिण-पश्चिम जिला की स्पेशल पुलिस टीम ने इन बदमाशों को पकड़ने की कोशिश की। लेकिन बदमाशों ने भागने की कोशिश में पुलिस पर गोलियां चला दीं। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। इस मुठभेड़ में एक बदमाश आरमान (26 वर्ष), निवासी जेजे कॉलोनी, बवाना, को दाहिनी टांग में गोली लगी और उसे तुरंत एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। दूसरे बदमाश बशीर (24 वर्ष), जो उसकी इलाके का रहने वाला को पुलिस ने मौके पर ही एक अवैध पिस्तौल और जिंदा कारतूस के साथ धर दबोचा। गोलीबारी में आरमान की एक गोली पुलिसकर्मी की बुलेटप्रूफ जैकेट में लगी। हालांकि, किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। मौके पर क्राइम और एफएसएल की टीमें जांच और सबूत जमा करने पहुंचीं।

## राजेश अग्रवाल ने वाणिज्य विभाग के सचिव का कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी राजेश अग्रवाल ने बुधवार को नई दिल्ली में वाणिज्य विभाग के सचिव का पदभार ग्रहण किया। उन्होंने सुनील बर्थवाल का स्थान लिया है, जो 30 सितंबर को सेवानिवृत्त हुए हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मुताबिक मणिपुर कैडर के 1994 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी राजेश अग्रवाल को कौशल विकास, बिजली, उर्वरक, कृषि और एमएसएमई सहित विविध क्षेत्रों में शासन, नीति-निर्माण और कार्यान्वयन में तीन दशकों का अनुभव है। उन्होंने तीन वर्षों तक विश्व कौशल शासी परिषद में भारत का प्रतिनिधित्व किया है और मणिपुर, झारखंड और बिहार जैसे राज्यों में क्षेत्रीय सुधारों को आगे बढ़ाया है। मंत्रालय ने कहा कि अपने वर्तमान कार्यभार से पहले अग्रवाल मुक्त व्यापार समझौतों के अंतर्गत विभिन्न देशों के साथ भारत की व्यापार वार्ताओं की देखरेख कर रहे थे। वे भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते, हिंद-प्रशांत आर्थिक मंच, भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक आर्थिक सहयोग और आसियान मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की समीक्षा के लिए मुख्य वार्ताकार थे। वे कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए निर्यात संवर्धन के भी प्रभारी थे।

## स्वच्छता अभियान का उद्देश्य बापू के संदेश को आगे बढ़ाना है - महापौर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर चल रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने बुधवार को मुखर्जी नगर में स्वच्छता अभियान में भाग लिया। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य बापू के 'स्वच्छता ही सेवा' संदेश को आगे बढ़ाने का है। महापौर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य दिल्लीवासियों में स्वच्छ एवं हरित दिल्ली के संकल्प को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि समाज में सेवा और स्वच्छता के प्रति जागरूकता का यह प्रयास निश्चित ही देश को और सशक्त बनाएगा। इस अभियान ने न केवल स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाई, बल्कि सामुदायिक सहभागिता को भी बढ़ावा दिया। महापौर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से शुरू हुआ यह प्रयास समाज में सेवा और स्वच्छता के प्रति जागरूकता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह अभियान देश को स्वच्छ और सशक्त बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के नागरिकों के सहयोग से निगम दिल्ली को साफ एवं सुंदर शहर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सभी को मिलकर स्वच्छ भारत मिशन को और मजबूत करना है। महापौर ने दिल्ली की जनता से अपील की कि स्वच्छता को अपने व्यवहार और आदत में शामिल करना होगा। उन्होंने कहा कि कही भी आस-पास कूड़ा इकट्ठा न होने दें, स्वच्छता किसी एक आदमी या सरकार की नहीं सभी की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर आरडब्ल्यूए पदाधिकारी व स्थानीय नागरिक उपस्थित रहें, साथ ही सभी ने महापौर के साथ मिलकर स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर दिल्ली के संकल्प को दोहराया।

# चीन-हांगकांग में बैठे ठगों की मदद से ठगे 3 करोड़, तीन गिरफ्तार; मुहैया कराते थे सिमकार्ड व बैंक अकाउंट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन और हांगकांग में बैठे साइबर ठगों के साथ मिलकर ठगी करने वाले तीन लोगों को शाहदरा जिले की साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान आयुष कोली, संजीव कुमार और आकाश के रूप में हुई है। शुरुआती जांच में पुलिस को पता चला आरोपियों के बैंक खातों से तीन करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ है। पुलिस ने आरोपियों के पास से तीन मोबाइल फोन, चार लैपटॉप, एक पेटीएम पीओएस मशीन बरामद की है।

शाहदरा जिला के पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि विवेक विहार निवासी सुनीत कुमार सूरी ने साइबर ठगी की एक शिकायत दी थी। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने सोशल मीडिया पर विज्ञापन देखकर एक व्हाट्सएप ग्रुप ज्वाइन किया। आरोपियों ने पीड़ित को निवेश करने पर मोटा मुनाफा देने की बात की। आरोपियों ने मुनाफे के स्क्रीनशॉट भी भेजे। पीड़ित ने झांसे में आकर 2.25 लाख रुपये निवेश कर दिए। उन्होंने जब अपना



मुनाफ निकालने का प्रयास किया तो आरोपियों ने और पैसों की डिमांड की। ठगी का अहसास होने पर मामले की शिकायत पुलिस से की गई। रकम जिन बैंक खातों में ट्रांसफर हुई थी, उनकी पड़ताल की गई। पुलिस ने आयुष कोली, संजीव कुमार और आकाश को दबोच लिया। तीनों आरोपी विदेश में बैठे साइबर ठगों को बैंक अकाउंट और सिमकार्ड उपलब्ध करवाते थे। ठगी की रकम को यूएसडीटी में बदलकर उसको विदेश भेजा जा रहा था। बदले में इनको अच्छा कमिशन मिल रहा था। आरोपियों के खातों की जांच के बाद पता चला है कि इन लोगों ने तीन करोड़ से अधिक की रकम को ठिकाने लगाया है। पुलिस तीनों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है।

**इंडिगो में नौकरी दिलवाने के नाम ठगी करने वाले दो पकड़े :** इंडिगो एयरलाइंस में नौकरी दिलवाने का झांसा देकर ठगी करने वाले दो जालसाजों फरीदाबाद के सेक्टर-55 स्थित गोची निवासी आजाद खान और जीवन नगर निवासी अजय के रूप में हुई है। आरोपियों के पास से वारदात में इस्तेमाल एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। छानबीन में पुलिस को पता चला है कि आरोपी फेसबुक पर नौकरी लगवाने का फर्जी प्रचार करते थे। बेरोजगार युवक-युवतियां जब इनको कॉल करते थे तो आरोपी फॉर्म, यूनिफॉर्म समेत अन्य चार्ज के नाम पर मोटी रकम वसूल लेते थे।

उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त राजा बांठिया ने बताया, रोहित यादव एनसीआरपी पार्टल पर 24100 रुपये की ठगी की शिकायत दी थी। पीड़ित ने बताया कि उसने फेसबुक पर इंडिगो एयरलाइंस पर जॉब का एक विज्ञापन देखा था। उसमें एक नंबर दिया गया था। पीड़ित ने उस नंबर पर कॉल किया। उस समय फोन नहीं उठा, लेकिन बाद में एक अन्य नंबर से कॉल आया। कॉलर ने अपना नाम रोहित शर्मा बताकर नौकरी दिलवाने की बात की। बाद में आरोपी ने फॉर्म की फीस, यूनिफॉर्म व अन्य खर्चों के नाम पर पीड़ित से 24100 रुपये वसूल लिए। बाद में आरोपियों ने अपने नंबर बंद कर लिए।

जिसमें रकम ट्रांसफर हुई थी उसकी पड़ताल की गई। इसके अलावा मोबाइल नंबर की डिटेल भी ली गई, जिससे कॉल आया था। बाद में पुलिस ने दोनों आरोपियों को फरीदाबाद से दबोच लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना अपराध कबूल कर लिया। बैंक खाता आजाद खान व मोबाइल अजय के नाम पर रजिस्टर्ड था।

# दिल्ली के स्कूलों में होगी अब आरएसएस की पढ़ाई छात्र 'राष्ट्रनीति' से समझेंगे नागरिक कर्तव्य

**दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के सरकारी स्कूलों के छात्रों को जल्द ही नए शिक्षा कार्यक्रम 'राष्ट्रनीति' के तहत आरएसएस के बारे में पढ़ाया जाएगा। इस पाठ्यक्रम में वीर सावरकर, श्यामा प्रसाद मुखर्जी और सरदार वल्लभभाई पटेल जैसे स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में जानकारी भी शामिल होगी। यह जानकारी शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने मंगलवार को दी। सूद ने कहा, छात्रों में नागरिक और सामाजिक चेतना पैदा करने और मौलिक कर्तव्यों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए इस कार्यक्रम के तहत आरएसएस पर एक अध्याय जोड़ा जा रहा है। राष्ट्रनीति नामक शैक्षिक कार्यक्रम के तहत यह अध्याय कक्षा 1 से कक्षा 12 तक के छात्रों में नागरिक जागरूकता, नैतिक शासन और राष्ट्रीय गौरव को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है। बच्चों को पढ़ाए जाएंगे आरएसएस का इतिहास, योगदान और सामाजिक कार्य

पाठ्यक्रम के एक भाग के रूप




में, बच्चों को आरएसएस की उत्पत्ति और इतिहास, इसकी विचारधारा और प्राकृतिक आपदाओं और स्वतंत्रता संग्राम के दौरान सहायता प्रदान करने में इसके कार्यकर्ताओं की भूमिका के बारे में पढ़ाया जाएगा। एक सूत्र ने पीटीआई को बताया कि इन पाठों का उद्देश्य संगठन के बारे में गलत धारणाओं को दूर करना भी है।

उनके अनुसार, पाठ में उल्लिखित योगदान स्वतंत्रता संग्राम में आरएसएस की भागीदारी के साथ-साथ उसके सामाजिक कार्यों, जैसे रक्तदान अभियान, खाद्य आपूर्ति, केदारनाथ और बिहार बाढ़ जैसी आपदाओं के दौरान बचाव कार्य और कोविड महामारी के दौरान राहत गतिविधियों पर प्रकाश डालेंगे।

द्वारा स्थापित आरएसएस के इतिहास का भी पता लगाएगा। यह सांस्कृतिक जागरूकता, अनुशासन, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व पर संगठन के फोकस को रेखांकित करेगा और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे नेताओं का उल्लेख करेगा जो इससे जुड़े रहे हैं। एक अलग खंड गुमनाम नायकों को समर्पित होगा।

**शिक्षक पुस्तिकाएं है तैयार:** उन्होंने कहा कि शिक्षक पुस्तिकाएं पहले ही तैयार कर ली गई हैं और एससीईआरटी में प्रशिक्षण सत्र चल रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि पाठ्यक्रम के बारे में अधिक जानकारी पर अभी भी चर्चा की जा रही है, जिसमें यह निर्णय भी शामिल है कि कौन से कक्षा समूह नए अध्यायों का अध्ययन करेंगे। पीटीआई के मुताबिक, सूत्र ने कहा, छात्रों को शासन, लोकतंत्र और सक्रिय नागरिकता का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के लिए यह पाठ्यक्रम सभी कक्षाओं में शुरू किया जा रहा है। राष्ट्रनीति कार्यक्रम का आधिकारिक शुभारंभ दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 18 सितंबर को भारत मंडपम में नमो विद्या उत्सव के तहत शुरू किए गए तीन नए पाठ्यक्रमों में से एक के रूप में किया।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने की संघ संस्थापक हेडगेवार को भारत रत्न देने की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीक़ी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार को भारत रत्न सम्मान दिए जाने की मांग की है। इस संबंध में मोर्चा ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को पत्र लिखा है। सिद्दीक़ी ने पत्र में लिखा है कि भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी और राष्ट्र निर्माण के प्रणेता डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार को मरणोपरांत भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' प्रदान किया जाना चाहिए। यह मांग न केवल उनके अतुलनीय योगदान को सम्मानित करने के लिए आवश्यक है, बल्कि युवा पीढ़ी को राष्ट्रवाद की प्रेरणा प्रदान करने के लिए भी अनिवार्य है।

**उन्होंने कहा कि :** डॉ. हेडगेवार का जन्म एक अप्रैल 1889 को नागपुर में एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। बचपन से ही वे देशभक्त थे। स्कूल के दिनों में उन्होंने 'वंदे मातरम' के नारे लगाकर ब्रिटिश शासन के खिलाफ विद्रोह किया और स्वतंत्रता की आवाज बुलंद की। कलकत्ता में चिकित्सा शिक्षा के दौरान वे अनुशीलन समिति से जुड़े, जहां वे बंकिम चंद्र चटर्जी और विनायक दामोदर सावरकर जैसे विचारकों से प्रेरित हुए। 1921 में कटोल और भारतवाड़ा में दिए गए उनके भाषणों के कारण ब्रिटिश सरकार ने उन्हें राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया और एक साल जेल की सज़ा हुई। इसी प्रकार से 1930 जंगल सत्याग्रह के संदर्भ 9 महीने का कारावास भी हुआ लेकिन उनकी दृढ़ता अटल रही। वर्ष 1925 में नागपुर में डॉ. हेडगेवार ने संघ की स्थापना की, जो आज भारत का सबसे बड़ा सांस्कृतिक और सामाजिक संगठन है। डॉ. हेडगेवार का निधन 21 जून 1940 को हुआ, लेकिन उनका विचार और संगठन आज भी भारत की नींव को मजबूत कर रहा है। उन्होंने कहा कि डॉ. हेडगेवार के योगदान को देखते हुए उन्हें भारत रत्न प्रदान करना अत्यंत उचित होगा। यह सम्मान न केवल उनके व्यक्तिगत बलिदान को मान्यता देगा, बल्कि उन सभी स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित करेगा जो गुमनाम रूप से राष्ट्र सेवा में लगे हैं। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में जब राष्ट्रवाद और सांस्कृतिक एकता की आवश्यकता है, यह कदम प्रेरणादायक सिद्ध होगा।

## चक्रवाती तूफान के पांच दिन बाद आया भीषण भूकंप, 69 की मौत; मलबे में दबने से गई अधिकतर जानें

**मनीला, एजेंसी।** फिलीपींस के केंद्रीय प्रांत में मंगलवार देर रात आए 6.9 तीव्रता के भूकंप ने भारी तबाही मचाई। भूकंप के झटके इतने तेज थे कि घरों और इमारतों की दीवारें ढह गईं, जिसकी चपेट में आकर कम से कम 69 लोगों की मौत हुई है कई अन्य घायल हो गए। फिलीपींस के एक बड़े हिस्से में भूकंप के बाद बिजली आपूर्ति भी ठप हो गई और लोग अंधेरे में घरों से बाहर निकल आए। भूकंप का केंद्र 90 हजार की आबादी वाले सेबू प्रांत के तटीय शहर बोगो से करीब 19 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में जमीन के पांच किलोमीटर नीचे था। यहां कम से कम 14 लोगों की मौत हुई है और मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। बताया गया है कि बोगो में राहत-बचाव कर्मी लगातार मलबे में तब्दील हुए घरों से लोगों को निकालने की कोशिशों में जुटे हैं। यहां गांव के गांव भूस्खलन के चलते मिट्टी के ढेर में दब गए।




अधिकारियों के मुताबिक, मेडेलिन में घरों की छत और दीवार गिरने से अलग-अलग परिवारों के 12 लोग मारे गए। इनमें से कई लोग देर रात को गहरी नींद में थे। वहीं, सैन रेमिजियो कस्बे में एक बास्केटबॉल मैच के दौरान भूकंप से बचने की कोशिश कर रहे पांच लोगों की जान गई। इनमें तीन कोस्ट गार्ड, एक दमकलकर्मी और एक बच्चा शामिल है। भूकंप से दमकल केंद्र, सड़कों, गिरजाघर और कई व्यापारिक प्रतिष्ठानों को भी नुकसान पहुंचा है। स्थानीय अधिकारियों ने खाद्य सामग्री और पीने के पानी की तत्काल जरूरत बताई है। फिलीपींस के वॉल्केनोलॉजी एंड सीस्मोलॉजी संस्थान ने शुरुआती चेतावनी में सुनामी की आशंका जताई थी। इसमें लोगों को सेबू और आसपास के लेयते और बिलिरन प्रांत में तटीय क्षेत्रों से दूर रहने की हिदायत दी गई थी। इन स्थानों पर एक मीटर (तीन फीट) ऊंची लहरें उठने की संभावना जताई गई थी। हालांकि, बाद में अलर्ट हटा लिया गया। गौरतलब है कि यह भूकंप ऐसे समय आया है जब फिलीपींस के कई इलाकों में दो जबरदस्त तबाही मचाई थी।

## नहीं रहे रहस्यों पर शोध करने वाले नोबेल विजेता जॉर्ज स्मूट, 80 साल की उम्र दुनिया को कहा अलविदा

**बर्कली, एजेंसी।** नोबेल पुरस्कार विजेता और ब्रह्मांड की उत्पत्ति पर शोध करने वाले प्रसिद्ध अमेरिकी वैज्ञानिक डॉ जॉर्ज स्मूट का 80 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। इस बात की जानकारी यूसी बर्कले ने सोमवार को एक बयान जारी कर बताया। उन्होंने बताया कि स्मूट का निधन 18 सितंबर को पेरिस में दिल का दौरा पड़ने से हुआ। बता दें कि स्मूट को 2006 में फिजिक्स के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्होंने नासा के वैज्ञानिक जॉन मेथर के साथ मिलकर कॉस्मिक माइक्रोवेव बैकग्राउंड रेडिएशन की खोज की, जिससे यह पुष्टि हुई कि ब्रह्मांड की शुरुआत लगभग 14 अरब साल पहले एक विशाल विस्फोट (बिग बैंग) से हुई थी।

**कैसा रहा बचपन से लेकर अकादमिक तक का सफर:** बता दें कि फ्लोरिडा में जन्मे स्मूट ने एमआईटी से 1970 में पार्टिकल फिजिक्स में पीएचडी



की और इसके बाद उन्होंने कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी, बर्कले और लॉरेंस बर्कले नेशनल लैब में अपना वैज्ञानिक करियर शुरू किया। उन्होंने एक टीम का नेतृत्व किया जिसने ब्रह्मांड के शुरुआती दौर का नक्शा तैयार किया। उनकी खोज ने बताया कि कैसे अरबों साल पहले ब्रह्मांड में मामूली तापमान के अंतर से आज के विशाल आकाशगंगाएं बनीं।

**विज्ञान के लिए किया बड़ा योगदान :** नोबेल पुरस्कार की आधी राशि, लगभग 5 लाख डॉलर, उन्होंने बर्कले सेंटर फॉर कॉस्मोलॉजिकल फिजिक्स की स्थापना के लिए दान कर दी। 2014 में रिटायरमेंट के बाद उन्होंने दुनियाभर की यात्रा की और जलवायु परिवर्तन में गहरी रुचि दिखाई। इतना ही नहीं स्मूट विज्ञान की दुनिया से बाहर भी लोकप्रिय थे। वह द बिग बैंग

में दो बार नजर आए। साथ ही आर यू स्मार्टर देन अ फिफ्थ जीत हासिल की। इसके अलावा स्मूट पेरिस के खगोल कण और ब्रह्मांड विज्ञान प्रयोगशाला में पढ़ाते थे। संस्था ने उन्हें एक लार्जर दैन लाइफ कैरेक्टर बताया, जिनकी रुचियां विज्ञान से परे भी थीं।

# अगर नोबेल शांति पुरस्कार न मिला तो यह अमेरिका का अपमान, ट्रंप ने दोहराया सात संघर्षों को रोकने का दावा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि अगर उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलता है तो यह उनके देश का अपमान होगा। उन्होंने अपने इस दावे को दोहराया कि उन्होंने कम से कम सात अंतरराष्ट्रीय संघर्षों को खत्म करने में अहम भूमिका निभाई है। ट्रंप का यह ताजा बयान ऐसे समय में सामने आया, जब एक दिन पहले उन्होंने गाजा में जारी युद्ध को खत्म करने के लिए शांति योजना की पेशकश की। उन्होंने कहा कि अगर हमास इस प्रस्ताव को स्वीकार करता है, तो यह आठवां संघर्ष होगा, जिसे उन्होंने मध्यस्थता करके खत्म किया होगा।

**नोबेल पुरस्कारों की घोषणा से पहले ट्रंप का बयान:** ट्रंप ने कहा, क्या आपको नोबेल पुरस्कार मिलेगा? बिल्कुल नहीं। यह पुरस्कार किसी



ऐसे व्यक्ति को दिया जाएगा जिसने कुछ भी नहीं किया। उन्होंने अमेरिका के शीर्ष सैन्य अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा, यह हमारे देश का बड़ा अपमान होगा। मैं इसे (अपने लिए) नहीं चाहता, मैं चाहता हूं कि यह देश को मिले। उन्होंने आगे कहा, इसे देश को मिलना चाहिए क्योंकि ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। राष्ट्रपति का यह दावा दस अक्तूबर से पहले आया है, जब इस साल नोबेल पुरस्कारों की घोषणा की जाएगा।


**ट्रंप ने दोहराया सात संघर्षों को रोकने का दावा:** ट्रंप लंबे समय से इस बात से परेशान हैं कि पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा को 2009 में यह पुरस्कार मिला था, जो डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता हैं। अपने ताजा संबोधन में ट्रंप ने फिर से दावा किया कि उन्होंने इस साल जनवरी से सात संघर्षों को समाप्त किया है। उन्होंने कहा कि अगर गाजा शांति योजना सफल हो जाती है तो हमारे पास ऐसे आठ युद्ध होंगे, आठ महीनों में आठ युद्ध। यह बहुत अच्छा है। गाजा शांति योजना की पेशकश उन्होंने इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की अमेरिका यात्रा के दौरान की थी।

**यूएनजीए की बैठक में ट्रंप ने क्या कहा था:** पिछले हफ्ते संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) को संबोधित करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने सात महीने में सात संघर्ष खत्म किए हैं। उन्होंने कहा, कहा जा रहा था कि ये संघर्ष खत्म नहीं होंगे। कुछ 31 साल से चल रहे थे। इनमें एक 36 साल से। मैंने सात युद्ध खत्म किए और सभी मामलों में हजारों लोग मारे जा रहे थे।

उन्होंने कहा कि उन्हें हर एक युद्ध के लिए शांति पुरस्कार मिलना चाहिए। ट्रंप ने कहा था कि उन्होंने इस्राइल और ईरान, भारत और पाकिस्तान, रवांडा और कांगो, थाईलैंड और कंबोडिया, आर्मेनिया और अजरबैजान, मिस्र और इथियोपिया, सर्बिया और कोसोवो के बीच मध्यस्थता की है। हालांकि, भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के साथ संघर्षविराम ट्रंप की भूमिका को कई बार खारिज किया है।

## यूएनएचआरसी का 60वां सत्र: अवामी लीग ने किया प्रदर्शन

**जिनेवा,एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) के 60वें सत्र के दौरान जिनेवा में ब्रोकन चेयर के पास अवामी लीग के सदस्यों ने प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार में हो रहे कथित मानवाधिकार उल्लंघनों को उजागर करने के लिए किया गया। इस दौरान बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने फोन से अवामी लीग के उन सदस्यों को संबोधित किया, जो ब्रोकन चेयर पर प्रदर्शन कर रहे थे। अवामी लीग की और उनका नोबेल पुरस्कार वापस लेने की अपील की।



### अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर जिले के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान

# वृद्धजन केवल परिवार के नहीं, बल्कि पूरे समाज के स्तंभ हैं: सांसद

## सरकार वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रही है: विधायक





**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जिला पंचायत सभागार, सीधी में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आतिथ्य सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने किया तथा विधायक सीधी रीती पाठक ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के दौरान कुल 101 वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। बुजुर्गों को पुष्पमाला पहनाकर और साल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा, ''वृद्धजन समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनका जीवन अनुभव, संघर्ष और आशीर्वाद नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक हैं। हमें उनके ज्ञान का सम्मान करना चाहिए और उनकी सलाह को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। वृद्धजन केवल परिवार के नहीं, बल्कि पूरे समाज के स्तंभ हैं। उनके सम्मान और कल्याण के लिए समाज और सरकार को मिलकर काम करना चाहिए। ऐसे अवसर हमें याद दिलाते हैं कि बुजुर्गों का आदर करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। मैं सभी बुजुर्गों से आग्रह करता हूं कि वे अपने अनुभवों को युवाओं के साथ साझा करें, ताकि आने वाली पीढ़ी समाज और राष्ट्र के निर्माण में उनके मूल्यवान योगदान को समझ सके।''

विधायक रीती पाठक ने अपने संबोधन में कहा, ''प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उनके जीवन अनुभव और समाज के प्रति योगदान को सदा याद रखा जाना चाहिए। हम राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं के माध्यम से बुजुर्गों को सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं और सम्मान प्रदान करने का प्रयास कर रहे हैं। यह कार्यक्रम हमें यह संदेश देता है कि समाज के बुजुर्गों को सशक्त बनाने और उनका सम्मान करने के लिए हमें हमेशा तत्पर रहना चाहिए। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि वे अपने जीवन के सुनहरे अनुभवों के साथ समाज को मार्गदर्शन देते रहें।''

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य प्रदीप शुक्ला, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धनंजय मिश्रा, डॉ. देवेंद्र त्रिपाठी, विश्वबंधुधर द्विवेदी, पंकज पाण्डेय, सामाजिक न्याय एवं सामाजिक सुरक्षा अधिकारी सूरज सिंह, प्रदीप द्विवेदी, सीपी तिवारी, प्रभात शुक्ला, मिथिलेश वर्मा, दीपक रावत, राजेश मिश्रा, तथा जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र से शिवांसु शुक्ला सहित अनेक गणमान्य नागरिक और वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत अंधवा में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस विशेष कार्यक्रम संपन्न



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** ग्राम पंचायत अंधवा में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सामाजिक न्याय एवं निशक्तजन सशक्तिकरण विभाग के तत्वाधान में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत अंधवा के समस्त वृद्धजन को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच आलोक सिंह ने अपने कर-कमलों से सभी वृद्धजनों को शाल, श्रीफल एवं माला पहनाकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बुजुर्गों के प्रति सम्मान और आदर की भावना को प्रोत्साहित करना तथा उनके अनुभव और मार्गदर्शन को भावी पीढ़ी तक पहुँचाना रहा।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने बुजुर्गों को समाज का मार्गदर्शक बताते हुए उनके सम्मान और देखभाल का संकल्प लिया।

## गांधी जयंती पर किसान संघर्ष समिति करेगी सत्याग्रह

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** किसानों की समस्याओं को लेकर किसान संघर्ष समिति देशभर में 2 अक्टूबर, गांधी जयंती के अवसर पर सत्याग्रह करेगी। इस दिन समिति सभी फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को सी2+50% पर खरीद की कानूनी गारंटी, खाद समस्या, किसानों के कर्ज मुक्ति, कृषि योग्य भूमि के अधिग्रहण पर रोक, जंगली और आवारा पशुओं से नष्ट हुई फसलों के मुआवजे, स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर रोक, प्राकृतिक आपदा से नष्ट हुई फसलों का फसल बीमा और राजस्व मुआवजा जैसी मांगों को लेकर गांधी प्रतिमा के समक्ष 2 घंटे का उपवास करेगी।

किसान संघर्ष समिति के राष्ट्रीय प्रवक्ता एडवोकेट शिव सिंह ने सभी साथियों से गुजारिश की है कि वे अपने-अपने इलाके में 2 घंटे का उपवास कर किसानों के इन मुद्दों पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने का प्रयास करें। यह सत्याग्रह किसानों की आवाज को उठाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम होगा, जिससे सरकार को उनकी समस्याओं के प्रति जागरूक किया जा सके। किसान संघर्ष समिति का मानना है कि यदि उनकी मांगों को नजरअंदाज किया गया, तो यह किसानों के लिए गंभीर समस्याएं उत्पन्न कर सकता है।

## दीपावली के अवसर पर आतिशबाजी एवं पटाखों की बिक्री हेतु निर्देश जारी

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** दीपावली पर्व के अवसर पर आतिशबाजी, पटाखे और फूलझड़ी के संग्रह एवं विक्रय के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत स्थाई और अस्थाई दुकानों के लिए अनुज्ञप्ति जारी की जाएगी। विस्फोटक नियम, 2008 और संबंधित उच्च न्यायालय तथा केंद्र सरकार के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

अस्थाई अनुज्ञप्ति प्रदान करने का अधिकार उपखण्ड दण्डाधिकारियों को दिया गया है। नवीन अस्थाई अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन 12 अक्टूबर तक प्रस्तुत किए जा सकते हैं। प्रभारी अधिकारी अपर जिला दण्डाधिकारी के अनुमोदन पश्चात ही अनुज्ञप्ति जारी होगी, जो 02 नवंबर तक वैध रहेगी। अनुज्ञप्ति स्थल, क्षमता और सुरक्षा के संबंध में सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की पुष्टि करना प्रशासनिक अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी। अनुज्ञप्ति धारकों निर्देश दिए गए हैं कि प्रत्येक दुकानदार अपनी अनुज्ञप्ति में उल्लिखित मात्रा से अधिक आतिशबाजी न रखे। प्रत्येक स्थल पर अग्निशमन उपकरण, पर्याप्त पानी और बालू की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## तेज रफ्तार ऑटोरिक्शा की टक्कर से बाइक सवार घायल



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** शहर के पटेल पुल के पास बुधवार शाम एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार ऑटो की जोरदार टक्कर से बाइक सवार प्रांशु साकेत (निवासी पड़रा) गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद ऑटो चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। प्रांशु साकेत माता विसर्जन की तैयारी के लिए सामान लेने निकले थे, तभी शाम करीब चार बजे उनकी बाइक को एक तेज रफ्तार ऑटो ने टक्कर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ऑटो चालक लापरवाहीपूर्वक वाहन चला रहा था और अचानक बाइक के सामने आकर जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि प्रांशु सड़क पर गिर गए, जिससे उनके सिर पर गहरी चोट आई है, साथ ही एक हाथ में फ्रैक्चर भी हो गया है। घायल प्रांशु साकेत को मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है।

प्रांशु साकेत ने बताया कि वह सीधी की ओर सीधे जा रहे थे, तभी ऑटो चालक ने बिना देखे अचानक मोड़ काट लिया और उनकी बाइक से टकरा गया। उन्होंने कहा, ऑटो ने बगल से मेरे पैर में धक्का मारा, मैं सड़क पर गिर पड़ा और सिर में गहरी चोट लगी।

**पुलिस बोली – शिकायत मिलने पर होगी कार्रवाई:** इस मामले में कोतवाली थाना प्रभारी कन्हैया सिंह बघेल ने बताया कि अभी तक उन्हें इस घटना की कोई आधिकारिक जानकारी या शिकायत नहीं मिली है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जैसे ही पीड़ित परिवार की ओर से आवेदन या शिकायत दर्ज की जाएगी, मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने मूर्ति विसर्जन स्थलों का किया निरीक्षण, सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के दिए निर्देश



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी ने मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन की तैयारियों का जायजा लेने हेतु सोन नदी गऊघाट एवं कोल्दहा घाट चुरहट पहुँचकर स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं से संबंधित विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, विसर्जन स्थलों पर सभी आवश्यक प्रबंध समय रहते पूरे किए जाएँ। सुरक्षा और व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि विसर्जन कुण्ड के समीप जेसीबी मशीन, गोताखोर, चिकित्सकीय दल, एम्बुलेंस तथा पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी ने कहा कि मूर्ति विसर्जन के दौरान यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। मूर्तियों को सुरक्षित रूप से विसर्जन स्थल तक पहुँचाने के लिए रूट चार्ट का पालन अनिवार्य है। प्रतिबंधित स्थानों पर विसर्जन की अनुमति नहीं है, इसका उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अधिकारियों ने अपील की कि श्रद्धालु विसर्जन केवल प्रशासन द्वारा चिन्हित स्थलों पर ही करें तथा छोटे बच्चों को विसर्जन स्थल पर न लाएँ। उन्होंने कहा कि यह पर्व आस्था और उल्लास का है, सभी नागरिकों का दायित्व है कि शांति, सुरक्षा और सौहार्द्र बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

निरीक्षण के दौरान उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास राकेश शुक्ला, उपखण्ड अधिकारी चुरहट शैलेश द्विवेदी, उप पुलिस अधीक्षक अमन मिश्रा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## उमा महेश्वर गुरु गायत्री मंदिर जवा में नवचंडी नवदिवसीय महायज्ञ का कार्यक्रम सम्पन्न

### भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद किया ग्रहण




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** उमा महेश्वर गुरु गायत्री मंदिर जवा में नवचंडी नवदिवसीय महायज्ञ का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। महायज्ञ के 9वीं तिथि के अवसर पर आचार्य सुशीलमणि त्रिपाठी, सीताशरण द्विवेदी और आचार्य प्रमोद पांडेय द्वारा हवन और कन्या पूजन का कार्यक्रम वैदिक मंत्रों के साथ संपन्न कराया गया। इसके बाद विशाल महा भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस भंडारे में उपस्थित लोगों ने भक्ति भाव से प्रसाद का आनंद लिया।

कांग्रेस किसान प्रदेश सचिव तरुणेंद्र द्विवेदी के माता-पिता उमाशंकर द्विवेदी और उनकी पत्नी सतीला द्विवेदी ने यजमान के रूप में 9 दिनों तक पूजा-पाठ किया। इस आयोजन में पंडित सत्यनारायण पांडेय के सुपुत्र और पंडित प्रमोद पांडेय के बड़े भाई पंडित राजकुमार पांडेय का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

पंडित राजकुमार पांडेय, जो कैलिफोर्निया, अमेरिका में रहते हैं, ने इस महायज्ञ में अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को और भी भव्य बनाया। इसके अलावा, राजकुमार द्विवेदी, तरुणेंद्र द्विवेदी और धीरेंद्र द्विवेदी का भी आयोजन में सराहनीय योगदान रहा।

## विभागीय लापरवाही के कारण खंभे में काम कर रहा आउटसोर्स कर्मचारी हुआ दुर्घटनाग्रस्त



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण खंभे में काम कर रहा आउटसोर्स कर्मचारी प्रदीप साकेत, पिता स्वर्गीय छोटेलाल साकेत, उम्र 33 वर्ष, निवासी भेड़ोरी, पोस्ट बीरखाम, तहसील सेमरिया, दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उसे तत्काल संजय गांधी अस्पताल रीवा में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। इतनी बड़ी घटना होने के बाद भी विभाग द्वारा कोई मदद नहीं की जा रही है। गरीब आउटसोर्स कर्मचारी के परिजनों ने शासन, प्रशासन और बिजली विभाग से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है।

यह घटना सिरमौर तहसील अंतर्गत विद्युत विभाग हिनौता डीसी के क्षेत्र में हुई। प्रदीप साकेत 11 हजार की जम्फर टूटने पर उसे सुधारने का कार्य कर रहा था, जिसके लिए उसने परमिट भी लिया था। लेकिन काम करते समय किसी ने परमिट की लाइट को चालू कर दिया, जिससे यह गंभीर दुर्घटना घट गई।

परिवार के सदस्यों का कहना है कि इस हादसे के बाद विभाग का कोई भी कर्मचारी मदद के लिए आगे नहीं आया। उन्होंने अधिकारियों से अपील की है कि वे इस मामले में तुरंत कार्रवाई करें और प्रदीप के इलाज के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करें।

### कमिश्नर ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से अधिकारियों को दिए निर्देश

# भावांतर योजना की जानकारी हर किसान तक पहुंचाएं: कमिश्नर



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने गूगल मीट के माध्यम से अधिकारियों को निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि संभाग में सोयाबीन उत्पादक प्रत्येक किसान तक भावांतर योजना की जानकारी पहुंचाएं। किसानों का समय पर पंजीयन कराएं। ग्राम सभा के माध्यम से भी भावांतर योजना का प्रचार-प्रसार करें। प्रत्येक मण्डी में योजना से संबंधित होर्डिंग लगवाएं। सभी एसडीएम भावांतर योजना के क्रियान्वयन की निगरानी रखें। कमिश्नर ने कहा कि 2 अक्टूबर को विशेष ग्राम सभाओं में निर्धारित सभी एजेण्डा बिन्दुओं पर कार्यवाही सुनिश्चित करें। ग्राम सभाओं में अधिक से अधिक व्यक्तियों की भागीदारी सुनिश्चित करें। नोडल अधिकारी के माध्यम से ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी ग्राम सभा में आमजनता को दें। वनाधिकार अधिनियम के तहत वनाधिकार के दावे दर्ज करने, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्त भारत अभियान की भी जानकारी ग्राम सभा में दें।

कमिश्नर ने कहा कि 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान कार्यालय परिसर प्रमुख सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई कराएं। इसके साथ-साथ कार्यालयों की अनुपयोगी सामग्री अपलेखित कराएं। लंबित आवेदन पत्रों तथा प्रकरणों का निराकरण करके सुशासन में योगदान दें। पशुपालन विभाग द्वारा 3 अक्टूबर से दुग्ध सम्पर्क क्रांति अभियान शुरू किया जा रहा है। इसके लिए प्रशिक्षित दल तैनात कर दिए गए हैं। इनके माध्यम से 10 से अधिक दुधारू पशु रखने वाले परिवारों का चिन्हांकन करें। इन परिवारों के दुधारू पशुओं में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने की योजनाओं से लाभान्वित करें। दुग्ध उत्पादन बढ़ने से परिवारों की आय में वृद्धि होगी। इस अभियान की निगरानी के लिए भी जिला और विकासखण्ड स्तर पर दल तैनात कर दें।

कमिश्नर ने कहा कि सभी कलेक्टर भोपाल में आयोजित होने वाली बैठक के लिए निर्धारित एजेण्डा बिन्दु के अनुसार तैयारी कर लें। जिले की उपलब्धियों और नवाचार की भी जानकारी प्रस्तुत करें। संभागीय समीक्षा बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं पर अतिरिक्त मुख्य सचिव द्वारा दिए गए निर्देशों में तत्परता से कार्यवाही करें। जिलों में दशहरा पर्व मनाने तथा दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए उचित प्रबंध करें। मूर्ति विसर्जन स्थलों पर सुरक्षा, प्रकाश, प्राथमिक उपचार तथा यातायात प्रबंधन की व्यवस्था करें। सुरक्षा बलों के साथ-साथ यहाँ तैराक और गोताखोर भी तैनात रखें। कमिश्नर ने अधिकारियों को धान उपार्जन की तैयारियों, रोजगार मेले की तैयारियों तथा कानून और व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में निर्देश दिए। गूगल मीट से बैठक में शामिल कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी, कलेक्टर रीवा प्रतिभा पाल, कलेक्टर सतना सतीश कुमार एस, कलेक्टर मैहर रानी बाटड, कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन तथा कलेक्टर सिंगरौली चन्द्रशेखर शुक्ला ने उनके जिलों में निर्धारित एजेण्डा बिन्दुओं में की जा रही कार्यवाही की जानकारी दी। कलेक्ट्रेट के एनआईसी से अपर कलेक्टर बी पी पाण्डेय सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मां दुर्गा मूर्ति विसर्जन के दृष्टिगत सीधी-कमर्जी मार्ग पर भारी वाहनों का प्रवेश रहेगा प्रतिबंधित

**सीधी।** मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए 02 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से रात 11 बजे तक सीधी-कमर्जी मार्ग पर सभी मालवाहक भारी वाहनों (लोडेड एवं अनलोडेड) का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। यह आदेश अपर जिला दण्डाधिकारी द्वारा पुलिस अधीक्षक सीधी के प्रस्ताव पर जारी किया गया है। गऊघाट (सोन नदी) की एकल पुलिया पर संभावित दुर्घटना एवं अव्यवस्था की आशंका को ध्यान में रखते हुए यह प्रतिबंध लगाया गया है। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 एवं मोटरयान अधिनियम के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, रीवा (म. प्र.)

क्रमांक 4381/न.पा.नि./राजस्व/2025-26 रीवा, दिनांक 01/10/2025

**अचल सम्पत्ति नामांतरण विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व नगर सुधार न्यास रीवा की व्यावसायिक योजना तानसेन काम्पलेक्स सिरमौर चौराहा जो नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व में है, में स्थित दुकान क्रमांक 07 क्षेत्रफल 20.95 वर्गमीटर श्रीमती कौशिल्या देवी सोनी पति श्री जगदीश प्रसाद सोनी निवासी गांधी नगर उरर्हट रीवा (म0प्र0) को 30 वर्षीय लीज पर आवंटित है, जिसका नामान्तरण कुमारी ऐश्वर्या गुप्ता पिता श्री बृज किशोर गुप्ता निवासी नेहरू नगर रीवा मध्यप्रदेश के नाम किये जाने हेतु दिनांक 22.08.2025 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त दुकान क्रमांक 07 के नामान्तरण में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो, तो समाचार पत्रों में इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस की अवधि तक कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा में प्रमाणित अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् कोई आवेदन/आपत्ति न तो ग्रहण की जावेगी और न ही मान्य की जावेगी। तत्पश्चात् आवेदक श्रीमती कौशिल्या देवी सोनी पति श्री जगदीश प्रसाद सोनी निवासी गांधी नगर उरर्हट रीवा (म0प्र0) के आवेदन अनुसार दुकान क्रमांक 07 का नामान्तरण कुमारी ऐश्वर्या गुप्ता पिता श्री बृज किशोर गुप्ता निवासी नेहरू नगर रीवा मध्यप्रदेश के नाम करने की कार्यवाही की जावेगी।

उपायुक्त (राजस्व)
नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)

# अपराध के आंकड़े, लोगों को नियम-कानूनों का पालन करना भी सीखना होगा

संपादकीय

अपराधों का एक कारण कानूनों को अनदेखा करने की प्रवृत्ति भी है। छोटे-मोटे नियम-कानूनों की अवहेलना के बढ़ते मामले यही बताते हैं कि देश अभी सामंती प्रवृत्ति से मुक्त नहीं हुआ है। अपराध रोधी तंत्र को मजबूत करने की आवश्यकता से इन्कार नहीं लेकिन लोगों को नियम-कानूनों का पालन करना भी सीखना होगा।

राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो अर्थात एनसीआरबी के 2023 के आंकड़े कोई अच्छी तस्वीर प्रस्तुत नहीं कर रहे हैं। यह ठीक नहीं कि हर स्तर पर अपराध बढ़ते दिख रहे हैं। सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि महिलाओं को घरेलू हिंसा से लेकर यौन अपराधों से बचाने वाले कई कानूनों को कठोर किए जाने के बाद भी उनके खिलाफ अपराध कम होने के बजाय बढ़ रहे हैं।

2023 में महिलाओं के खिलाफ 4.5 लाख अपराध के मामले दर्ज किए गए। ये पिछले दो वर्षों की तुलना में अधिक हैं। महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों में सबसे अधिक मामले घरेलू हिंसा के हैं। इसका मतलब है कि वे घर में भी सुरक्षित नहीं हैं। निःसंदेह सार्वजनिक स्थानों पर भी उनकी सुरक्षा को लेकर सवाल उठते ही रहते हैं।

पिछले दिनों ही कर्नाटक उच्च न्यायालय ने दुष्कर्म के एक मामले में अभियुक्त को जमानत देने से मना करते हुए कहा कि जिस दिन महिलाएं रात में निर्भय होकर चल सकेंगी, उस दिन हम कह सकते हैं कि भारत ने सच्ची स्वतंत्रता प्राप्त कर ली है। इस स्थिति के निर्माण के लिए केवल पुलिस और अदालतों को ही तत्परता का परिचय देने की आवश्यकता नहीं है।

इसके साथ ही हमारे पुरुष प्रधान समाज को भी अपनी मानसिकता बदलने की जरूरत है। महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों का एक बड़ा कारण पुरुष प्रधान समाज की महिलाओं को हीन और दोयम दर्जे का मानने की मानसिकता है। इसी मानसिकता के कारण आज भी महिलाएं बड़ी संख्या में घरेलू हिंसा का शिकार हो रही हैं।इससे बड़ी विडंबना और कोई नहीं कि 21वीं सदी में भी महिलाएं दहेज के लिए प्रताड़ित की जा रही हैं। यह तब है, जब सरकारें अपने स्तर पर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें संबल देने के लिए सामाजिक कल्याण की कई योजनाएं चला रही हैं। यह आवश्यक है कि इन योजनाओं का केंद्रीय पहलू लोगों की मानसिकता में बदलाव लाना बने। इसके साथ ही अपराधरोधी तंत्र को और सक्षम बनाने की भी गहन आवश्यकता है। इस तंत्र में पुलिस के साथ ही अदालतों की भी प्रमुख भूमिका है। अपराधी छोटा हो या बड़ा, उसे यथाशीघ्र दंड का भागीदार बनाकर ही कानून के शासन को स्थापित किया जा सकता है।

# पुस्तक समीक्षा : सनातन संस्कृति की धरोहर युवा पीढ़ी के लिए आत्म-परिचय की यात्रा

**उमेश कुमार सिंह**

आज की युवा पीढ़ी, जो मोबाइल और पश्चिमी जीवन शैली में उलझी हुई है, वह अक्सर 'सनातन धर्म' को 'पुराना' या 'पाखंडी' मान लेती है। डायमंड बुक्स द्वारा प्रकाशित पुस्तक सनातन संस्कृति की धरोहर जिसके लेखक गोपाल शर्मा है। यह पुस्तक उनके लिए संवाद का माध्यम बनकर उन्हें आत्म-परिचय की ओर प्रेरित करती है। सनातन धर्म केवल पूजा-पद्धति नहीं है, बल्कि ÷जीवन जीने की वैज्ञानिक और समग्र दृष्टि÷ है। इसका कोई आरंभ या अंत नहीं है, यह अनंत है। यही कारण है कि श्री अरबिंदो ने भी कहा था कि ÷सनातन धर्म विश्वास का नहीं, बल्कि जीवन का धर्म है।

गोपाल शर्मा द्वारा लिखित ÷सनातन संस्कृति की धरोहर ङ्क युवा पीढ़ी के लिए आत्म-परिचय की यात्रा÷ केवल एक धार्मिक पुस्तक नहीं है, बल्कि भारतीय संस्कृति और दर्शन के विविध आयामों को समझने का गहन प्रयास है। यह पुस्तक विशेष रूप से आधुनिक युवा पीढ़ी को ध्यान में रखकर लिखी गई है, जो आज के तेज़-रफ़्तार और तकनीकी जीवन में अपनी जड़ों से कटती जा रही है। लेखक ने तर्क, जिज्ञासा और संवाद की शैली में उन प्रश्नों को उठाया है, जो हर जागरूक पाठक के मन में कभी न कभी आते हैंङ्क÷मैं कौन हूँ?÷, ÷मेरा धर्म क्या है?÷, ÷पूजा-पद्धतियों के पीछे क्या तर्क है?÷ और ÷सनातन संस्कृति क्यों शाश्वत है?÷ भारत एकमात्र ऐसी सभ्यता है, जो कांस्य युग से भी पहले से आज तक जीवित है। यूनान, मिस्र और रोम जैसी प्राचीन सभ्यताएँ इतिहास के पन्नों और संग्रहालयों तक सीमित हो गई, जबकि भारतीय संस्कृति निरंतर प्रवाहमान रही।

भारतीय संस्कृति केवल परंपरा नहीं है, बल्कि अनुभव, ज्ञान और आत्मचेतना की जीवंत धरोहर है। हमारे पूर्वजों ने आक्रमणों और विपरीत परिस्थितियों में भी अपनी 'मर्यादा' और 'धर्म' की रक्षा की। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि धर्म की लौ पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ती रहे। इस संदर्भ में पुस्तक पाठक को यह सोचने पर मजबूर करती है कि क्या हम भी अपने हिस्से की जिम्मेदारी निभा रहे हैं? पुस्तक में बार-बार यह प्रश्न उठाया गया है किङ्कपूजा क्यों की जाती है? तिलक लगाने का क्या महत्व है? मंदिर जाने का क्या उद्देश्य है? गाय, गंगा, तुलसी और पीपल को पूजनीय क्यों माना गया है? लेखक यह स्पष्ट करते हैं कि यह सब केवल रूढ़ियाँ नहीं, बल्कि गहरे वैज्ञानिक और दार्शनिक आधार पर खड़े विचार हैं। वेदों और गीता को लेखक ने केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानवता के मार्गदर्शक के रूप में प्रस्तुत किया है। दीप जलाना केवल अंधकार हटाना नहीं, बल्कि आंतरिक ऊर्जा को जगाना है। इस प्रकार पुस्तक पाठक को उपदेश नहीं देती, बल्कि सोचने और प्रश्न करने की प्रेरणा देती है।

### यह पुस्तक छह खंडों में विभाजित है

1. हमारा धर्म : इसमें सनातन धर्म, बहु-देव पूजा, मूर्ति पूजा, दशावतार और धर्म-विज्ञान संबंधी विमर्श है।
2. हमारा सांस्कृतिक राष्ट्र - इसमें भारत की पहचान, इंडिया बनाम भारत की बहस और भारत को हिंदू राष्ट्र मानने पर विचार प्रस्तुत हैं।
3. हमारी धरोहर : रीति-रिवाज, परंपराएं और जीवन शैली ङ्क इसमें सोलह संस्कार, त्यौहार, उपनयन, पूजा-पद्धतियां और सामाजिक आचरण का विवरण है।
4. हमारी धरोहर : धर्म ग्रंथ - इसमें वेद, उपनिषद, ब्राह्मण, आरण्यक और शास्त्रार्थ की परंपरा पर चर्चा है।
5. हमारे धार्मिक आख्यान -इसमें मनु, सप्तऋषि, समुद्र मंथन और पौराणिक प्रसंगों का विवेचन है।
6. सनातन प्रश्न : यह खंड युवाओं की जिज्ञासा पर आधारित है, जहाँ जीवन, पुनर्जन्म, कर्म और धर्म की व्याख्या प्रश्नोत्तर शैली में की गई है।

पुस्तक में लेखक ने एक साधारण हिंदू परिवार के उदाहरण से यह बताया है कि हिंदू होने का अर्थ किसी संहिता का पालन करना नहीं, बल्कि जीवन की निरंतर परंपरा का अनुभव करना है। घर के कोने में छोटा सा मंदिर, आरती की ध्वनि, धूप की सुगंध, दादी से सुनी कहानियाँ यही हिंदू संस्कृति की जड़ें हैं।

# वृद्ध बोझ नहीं, बल्कि संस्कृति, परंपरा और मूल्यों के संरक्षक हैं

**संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के रूप में घोषित किया है। इस दिवस का उद्देश्य वृद्धों के अधिकारों, उनकी गरिमा और उनके योगदान को रेखांकित करना है। यह दिन हमें यह सोचने को विवश करता है कि जीवन के इस अंतिम पड़ाव में, जिसे कभी सम्मान और अनुभव का प्रतीक माना जाता था, आज वह उपेक्षा, अकेलेपन और असुरक्षा का पर्याय क्यों बन गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार वर्ष 2030 तक 60 वर्ष से अधिक आयु के लोग पूरी दुनिया में 1.4 अरब से अधिक हो जाएंगे और 2050 तक यह संख्या दोगुनी होकर लगभग 2.1 अरब तक पहुँच जाएगी। विकसित देशों में वृद्धजन आबादी का चौथाई हिस्सा बन चुके हैं, वहीं विकासशील देशों में भी उनकी संख्या तेज़ी से बढ़ रही है। लेकिन विडंबना यह है कि इस बढ़ती जनसंख्या के साथ उनकी सुरक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक भागीदारी की चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। यूरोप और अमेरिका जैसे देशों में वृद्धजन पेंशन और हेल्थकेयर से तो सुरक्षित हैं, परंतु वहाँ अकेलेपन और मानसिक अवसाद की समस्या विकराल है। एशिया और अफ्रीका में, जहां परिवार व्यवस्था मजबूत मानी जाती थी, अब संयुक्त परिवार टूटने से वृद्धजन आर्थिक व सामाजिक असुरक्षा से जूझ रहे हैं।**

**ललित गर्ग**



अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस की शुरुआत 1991 में हुई थी और इसका उद्देश्य बढ़ती उम्र की आबादी के अवसरों और चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना तथा वृद्धजनों के अधिकारों और योगदान को पहचानना है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित इस दिवस पर वृद्धजनों को समर्थन देने वाली प्रणालियों को मज़बूत करने का आह्वान किया जाता है और उनके मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य देखभाल के लिए एकीकृत दृष्टिकोण को प्रोत्साहित किया जाता है। समाज में उनके बहुमूल्य योगदान को मान्यता देना, उनके अधिकारों की रक्षा करना, वृद्धजनों को स्वास्थ्य सेवाएं, देखभाल, सामाजिक सहायता प्रदान करने वाली प्रणालियों को मज़बूत करना, वृद्धजनों को वैश्विक विकास प्रयासों में शामिल करना और शहरी वातावरण को उनके लिए अधिक समावेशी बनाना आदि इस दिवस को मनाने के उद्देश्य हैं। इस दिवस को मनाते हुए वृद्ध व्यक्तियों की डिजिटल प्रौद्योगिकियों तक समान पहुँच प्रदान करने के महत्व पर जोर देना और यह सुनिश्चित करना कि सभी आयु वर्गों के लिए समानता को बढ़ावा दिया जाए और वृद्ध व्यक्तियों के मानवाधिकारों का पालन हो आदि बातों पर विशेष बल दिया जाता है।

इस दिवस की 2025 की थीम 'समावेशी भविष्य के लिए वृद्धजनों की आवाज़ को सशक्त बनाना' है, जो वृद्धजनों की आवाज़, अनुभव और ज्ञान को पहचानने तथा उनके अनुभवों के आधार पर समावेशी समाजों के निर्माण पर जोर देती है। यह थीम इस बात पर प्रकाश डालती है कि वृद्धजन लचीले और समतामूलक समाज बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्नत एवं आदर्श समाज के निर्माण में वृद्धजनों की आवाज़, उनके दृष्टिकोण और अनुभव को विशेष महत्व है। वृद्धावस्था में कठिनाइयां अनेक रूपों में सामने आती हैं। स्वास्थ्य की दृष्टि से हृदय रोग, मधुमेह, जोड़ों के दर्द और डिमेंशिया जैसी बीमारियाँ उन्हें घेरे रहती हैं, परंतु चिकित्सा सुविधाओं तक उनकी पहुंच सीमित है। आर्थिक दृष्टि से पेंशन व सामाजिक सुरक्षा योजनाएं हर वृद्धजन तक नहीं पहुँचतीं और ग्रामीण क्षेत्रों में यह स्थिति और भी दयनीय है। सामाजिक स्तर पर आधुनिक जीवन की दौड़ में वृद्धजन अकेलेपन, उदासी और उपेक्षा से पीड़ित हैं। मानसिक दृष्टि से आत्मसम्मान को ठेस, भूमिका से वंचित होना और बेकारपन का एहसास उन्हें भीतर तक तोड़ देता है।

भारत में वृद्धों की स्थिति अधिक चिन्ताजनक है। जबकि वृद्धजन भारतीय समाज की धरोहर मानी जाती रही हैं, उन्हें अनुभव और ज्ञान का भंडार मानते हैं। इसके बावजूद यदि हम उन्हें उपेक्षित करेंगे तो यह केवल अन्याय ही नहीं, बल्कि सभ्यता एवं संस्कृति की पराजय होगी। वृद्धजन केवल जीवित बोझ नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और मूल्यों के संरक्षक हैं। उनका सम्मान करना न केवल हमारा नैतिक कर्तव्य है बल्कि एक बेहतर, संवेदनशील और संतुलित समाज के निर्माण की अनिवार्यता है। भारत जैसे विकसित देश के नागरिकों की औसत आयु 60 वर्ष से अधिक 65 हो रही है। जीवन प्रत्याशा में वृद्धि के कारण देश में वृद्धजन की संख्या बढ़ रही है, देश में 2011 में 10.38 करोड़ वरिष्ठ नागरिक थे, जिनके 2050 तक बढ़कर 30 करोड़ होने का अनुमान है। अनुमान है, कि 2050 तक हर चौथा भारतीय बुजुर्ग होगा। यह बात भारत के नीति आयोग ने कही है, इसी के कारण बुजुर्गों की समस्याएं बढ़ती जा रही हैं।

भारत में परंपरागत भारतीय परिवार व्यवस्था में वृद्धजनों को सम्मान, सुरक्षा और निर्णय लेने की अहम भूमिका प्राप्त थी। लेकिन आज शहरीकरण, परमाणु परिवार, प्रवास और उपभोक्तावादी सोच ने उनकी भूमिका को हाशिए पर पहुँचा दिया है। परिवार के भीतर उन्हें आर्थिक बोझ समझा जाने लगा है, पीढ़ीगत टकराव और मूल्यों में बदलाव ने दूरी बढ़ा दी है, नौकरी-पेशा बच्चों के व्यस्त जीवन में धैर्य और देखभाल की कमी स्पष्ट हो रही है और संपत्ति तथा अधिकारों को लेकर तनाव आम हो गया है। इसके परिणामस्वरूप वृद्धजन शारीरिक बीमारियों से जूझते हैं, पर पर्याप्त चिकित्सा नहीं मिलती। वे अकेलेपन और मानसिक अवसाद का शिकार होते हैं, उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया से बाहर कर दिया जाता है और कभी-कभी घरेलू हिंसा और संपत्ति विवादों में भी उलझना पड़ता है।

प्रश्न है कि दुनिया में वृद्ध दिवस मनाने की आवश्यकता क्यों हुई? क्यों वृद्धों की उपेक्षा एवं प्रताड़ना की स्थितियां बनी हुई है? चिन्तन का महत्वपूर्ण पक्ष है कि वृद्धों की उपेक्षा के इस गलत प्रवाह को रोके। क्योंकि सोच के गलत प्रवाह ने न केवल वृद्धों का जीवन दुश्वार कर दिया है बल्कि आदमी-आदमी के बीच के भावात्मक फासलों को भी बढ़ा दिया है। वृद्धावस्था जीवन की सांझ है। वस्तुतः वर्तमान के भागदौड़, आपाधापी, अर्थ प्रधानता व नवीन चिन्तन तथा मान्यताओं के युग में जिन अनेक विकृतियों, विसंगतियों व प्रतिकूलताओं ने जन्म लिया है, उन्हीं में से एक है वृद्धों की उपेक्षा। वस्तुतः वृद्धावस्था तो वैसे भी अनेक शारीरिक व्याधियों, मानसिक तनावों और अन्यान्य व्यथाओं भरा जीवन होता है और अगर उस पर परिवार के सदस्य, विशेषतः युवा परिवार के बुजुर्गों/वृद्धों को अपमानित करें, उनका ध्यान न रखें या उन्हें मानसिक संताप पहुँचाएं, तो स्वाभाविक है कि वृद्ध के लिए वृद्धावस्था अभिशाप बन जाती है।

इन समस्याओं का समाधान केवल सरकारी योजनाओं से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए परिवार, समाज और सरकार-सभी स्तरों पर समन्वित प्रयास की आवश्यकता है। परिवार व्यवस्था का पुनर्जीवन जरूरी है, बच्चों में बचपन से ही सेवा, सहानुभूति और सम्मान की भावना विकसित की जाए। सामाजिक सुरक्षा के दायरे का विस्तार हो, पेंशन, स्वास्थ्य बीमा और वृद्धाश्रमों की गुणवत्ता में सुधार किया जाए। स्वास्थ्य सेवाओं में जेरियाट्रिक देखभाल को प्राथमिकता दी जाए, प्रत्येक नगर और गाँव में वृद्धजन के लिए स्वास्थ्य केंद्र स्थापित हों। मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाए, अकेलेपन से लड़ने के लिए सामुदायिक केंद्र, क्लब और वृद्धजन मंच सक्रिय किए जाएँ। वृद्धजनों को डिजिटल तकनीक से जोड़कर उन्हें सामाजिक और पारिवारिक संवाद में सक्रिय बनाया जाए। माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण अधिनियम 2007 का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए और समाज में उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता लाई जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जब नया भारत, विकसित भारत और समृद्ध भारत का निर्माण हो रहा है, तब यह आवश्यक है कि इस विकास यात्रा में वृद्धजन उपेक्षित न हों बल्कि उन्हें इसका सक्रिय भागीदार बनाया जाए। न्यूनतम पेंशन की गारंटी दे और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ हर वरिष्ठ नागरिक तक पहुंचाए। साथ ही ÷डिजिटल इंडिया÷ और ÷स्किल इंडिया÷ जैसी योजनाओं से वृद्धजनों को जोड़ा जाए ताकि वे सामाजिक संवाद और आर्थिक गतिविधियों में सक्रिय बने रहें। वृद्धाश्रमों और डे-केयर सेंटर्स की गुणवत्ता और संख्या बढ़ाई जाए, मानसिक स्वास्थ्य के लिए काउंसलिंग केंद्र स्थापित हों और ÷सेवा भाव÷ को बढ़ावा देने वाले राष्ट्रीय अभियान चलाए जाएँ। जब भारत आत्मनिर्भरता और वैश्विक नेतृत्व की ओर बढ़ रहा है, तब उसके अनुभव-संपन्न वृद्धजन राष्ट्र की अमूल्य पूंजी हैं, इसलिए मोदी सरकार को उनके लिए संवेदनशील और समग्र कल्याणकारी नीतियां लागू करनी चाहिए।

# बैंकों और बिल्डरों की संयुक्त धोखाधड़ी, या अब रेरा जैसी संस्था से भी उमीद न रखें?

**पता नहीं सबवेंशन स्कीम के तहत बैंकों के कितने हजार करोड़ रुपये फंसे हैं और कितने हजार लोग ऐसे हैं जिन्हें फ्लैट भी नहीं मिला और वह लोन भी उनके गले पड़ गया जिसे बिल्डर डकार गए। यदि इस मामले की जांच और सुनवाई वर्षों तक होती रही और बैंक एवं बिल्डरों को कठघरे में नहीं खड़ा किया गया तो यह हजारों फ्लैट खरीदारों के साथ अन्याय होगा।**

**राजीव सचान।**




बिल्डरों की ओर से अपने घर का सपना देखने वालों को ठगने के मामले किसी से छिपे नहीं। माना जाता था कि समय के साथ इस तरह के मामलों पर विराम लगेगा और फ्लैट खरीदारों को छलने-ठगने का सिलसिला बंद होगा, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हुआ। हाल में हजारों लोग ऐसे सामने आए, जो अपनी गाढ़ी कमाई के साथ अपना सुख-चैन भी खो रहे हैं और जिनका अपने घर का सपना भी पूरा नहीं हो पा रहा है।

इससे भी अधिक चिंता की बात यह है कि अपने घर का सपना संजोने वालों को ठगने में बिल्डरों के साथ बैंक भी शामिल पाए गए। दोनों ने लोगों को सबवेंशन स्कीम के तहत ठगा। इस स्कीम के तहत लोग दस या बीस प्रतिशत राशि देकर किसी बिल्डर/डेवलपर की परियोजना में अपना फ्लैट बुक कराते थे। शेष पैसा बैंक सबवेंशन स्कीम के तहत सीधे बिल्डर को दे देते थे। वे फ्लैट तैयार कर ग्राहकों को सौंपने तक खुद बैंकों को किस्त चुकाने का वादा करते थे। हजारों लोगों ने इस आकर्षक स्कीम के तहत अपने फ्लैट बुक कराए। यह सिलसिला 2010-11 से शुरू हुआ। सबवेंशन स्कीम के नाम पर हो रहे घोटाले का पता तब चला, जब कुछ ऐसे पीड़ित लोगों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, जिन्हें उन किस्तों को चुकाने के लिए कहा जा रहा था, जिन्हें बिल्डर को देना था। बिल्डरों ने केवल किस्त चुकानी ही बंद ही नहीं की थी, बल्कि फ्लैट निर्माण भी रोक दिए थे। उन्होंने बैंक से मिला पैसा कहीं और खपा दिया था। कुछ बिल्डर तो 'डिफाल्टर' हो गए थे।

इसके बाद बैंकों ने बिल्डरों की गर्दन दबोचने के बजाय फ्लैट खरीदारों को पकड़ा और उन्हें उस लोन की शेष किस्तें चुकाने को विवश करने लगे, जो वस्तुतः बिल्डरों को दिया गया था। बैंकों को इस तर्क से कोई मतलब नहीं था कि फ्लैट खरीदार फ्लैट हासिल किए बिना किस्त क्यों चुकाएं? चूंकि भुक्तभोगी लोगों ने सबवेंशन स्कीम के तहत किस्त चुकाने को लेकर बैंकों और बिल्डरों से त्रिपक्षीय समझौता कर रखा था, इसलिए वे फंस गए। इसलिए और भी, क्योंकि बैंकों ने इससे पल्ला झाड़ लिया कि बिल्डर फ्लैट बना भी रहे हैं या नहीं? यह अंधेरगर्दी तब हुई, जब रिजर्व बैंक ने बैंकों और वित्तीय संस्थाओं को यह एडवाइजरी जारी कर रखी थी कि वे बिल्डरों को उनकी परियोजनाओं के लिए चरणबद्ध तरीके से पैसा दें, यानी उनकी आवासीय परियोजना जैसे-जैसे आगे बढ़े, वैसे-वैसे वे उन्हें पैसा दें। उन्होंने ऐसा करना जरूरी नहीं समझा। इसलिए नहीं समझा, क्योंकि ठगी के इस खेल में वे भी बिल्डरों का साथ दे रहे थे। यदि बैंक अतिरिक्त सतर्कता न भी बरतते, केवल रिजर्व बैंक की एडवाइजरी का ही पालन करते और इसकी चिंता करते कि उनका अपना पैसा डूबने न पाए तो हजारों लोगों को ठगे जाने से रोका जा सकता था। यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि बैंकों ने बिल्डरों के साथ मिलकर लोगों को ठगा। वस्तुतः यह ठगी नहीं लूट है। इससे अधिक शर्म की बात और कोई नहीं कि कई सरकारी बैंक भी इस तरह की खुली लूट में शामिल पाए गए। वास्तव में इसी कारण सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआइ को बिल्डरों के साथ बैंकों-वित्तीय संस्थानों के खिलाफ भी मामले दर्ज करने का आदेश दिया। अप्रैल में सामने आए इस मामले में जुलाई में 22 मामले दर्ज किए गए। पहले केवल दिल्ली, एनसीआर के ही बिल्डर इस ठगी में लिप्त पाए गए थे, पर बीते सप्ताह सीबीआइ जांच में पता चला कि मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता, मोहाली और प्रयागराज में भी बैंकों और बिल्डरों ने घर खरीदारों को धोखा दिया है। इसलिए छह और मामले दर्ज किए गए। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के कोर्ट मित्र का कहना है कि सुपरटेक लिमिटेड फ्लैट खरीदारों को धोखा देने में 'मुख्य अपराधी' है। सुपरटेक की कई परियोजनाओं में लोगों के फ्लैट फंसे हैं।

सबवेंशन स्कीम के तहत लोगों को ठगने के मामले 2010 से लेकर 2018 तक की परियोजनाओं के हैं। इसका मतलब केवल यही नहीं कि 2017 में रेरा के गठन के बाद भी बैंक-बिल्डर मिलकर लोगों को ठगते रहे, बल्कि यह भी है कि इस नियामक संस्था ने भी फ्लैट खरीदारों के हितों की परवाह नहीं की। इस संस्था का गठन तो फ्लैट खरीदारों के हितों के लिए किया गया था।

वह भी धोखेबाज बिल्डरों के हित की चिंता करती दिखी। यह कहीं ज्यादा शर्म की बात है, क्योंकि यह बाड़ खेत को खाए वाला मामला है। यह समझ आता है कि लोग बिल्डरों पर सहज ही भरोसा न करें, लेकिन क्या अब वे बैंकों और रेरा जैसी संस्था से भी कोई उम्मीद न रखें? उनकी संदिग्ध कार्यप्रणाली तो इसी ओर संकेत करती है।

पता नहीं सबवेंशन स्कीम के तहत बैंकों के कितने हजार करोड़ रुपये फंसे हैं और कितने हजार लोग ऐसे हैं, जिन्हें फ्लैट भी नहीं मिला और वह लोन भी उनके गले पड़ गया, जिसे बिल्डर डकार गए। यदि इस मामले की जांच और सुनवाई वर्षों तक होती रही और बैंक एवं बिल्डरों को कठघरे में नहीं खड़ा किया गया तो यह हजारों फ्लैट खरीदारों के साथ अन्याय होगा।

इस अन्याय का प्रतिकार केवल यही नहीं होगा कि लोगों को लूटने वाले बैंक अफसरों और बिल्डरों को दंड का भागीदार बनाया जाए, बल्कि फ्लैट खरीदारों को राहत दी जाए। उन्हें उन अनिर्मित या अर्धनिर्मित फ्लैटों का लोन चुकाने को बाध्य नहीं किया जाना चाहिए, जो उन्हें मिले ही नहीं

# 2 अक्टूबर की ग्राम सभाओं में होगा दशहरा मिलन समारोह

## जिले के गौरव दिवस में सभी अधिकारी-कर्मचारी जिम्मेदारी पूर्वक सहभागिता करेंगे

### कलेक्टर मैहर ने ली समय-सीमा प्रकरणो की बैठक



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** राज्य शासन के निर्देशानुसार राज्य में पहली बार 2 अक्टूबर को होने वाली विशेष ग्राम सभाओ में दशहरा मिलन के कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। इसके अलावा ग्राम सभाओ मे भावन्तर योजना, वनाधिकार अधिनियम, प्रधानमंत्री जनमन योजना, स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार, पोषण माह, आदि कर्मयोगी अभियान पर चर्चा की जायेगी। कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने बुधवार को समय-सीमा प्रकरणो की संपन्न बैठक में ग्राम सभाओं में संबंधित विभाग के. अधिकारियों, नोडल अधिकारी को उपस्थित रहकर जानकारी देने तथा 5 अक्टूबर को गौरव दिवस के कार्यक्रम में सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारियो को जिम्मेदारी पूर्वक अनिवार्य सहभागिता करने के निर्देश दिये है। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह एसडीएम मैहर दिव्या पटेल, रामनगर एसपी मिश्रा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी, जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग डॉ. अरूण शुक्ला, आरटीओ संजय श्रीवास्तव, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेन्द्र बांगरे, सीईओ जनपद अशोक निवारी, वेदमणि मिश्रा, एमएल प्रजापति सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर रानी बाटड ने कहा कि 2 अक्टूबर को होने वाली ग्राम सभाओ में निधारित एजेण्डे के अनुसार चर्चा की जाये और आदि कर्मयोगी अभियान में विलेज लेबल प्लान तथा विजन 2030 पर चर्चा कर अनुमोदन लिया जाये। सभी ग्राम सभाओ के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त कर सीईओ जनपद इन ग्राम सभाओ की मानीटरिंग करेंगे। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मैहर जिले में 13.48 हेक्टेयर क्षेत्र मे कुल सोयाबीन की फसल ली गई है। भावांतर योजना का पंजीयन 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक किया जायेग। राज्य शासन ने सोयाबीन का समर्थन मूल्य 5328 रुपये प्रति क्विटल निर्धारित किया है। कृषि उपज मंडी में इससे कम कीमत में सोयाबीन बेचने वाले पंजीकृत किसान को भावान्तर योजना का लाभ देकर अंतर की राशि खाते में जमा की जायेगी।

संभाग स्तरीय रोजगार मेला की तैयारी के संबंध में बताया गया कि 18 सितम्बर को रामनगर मेला में 154 पंजीकृत युवाओं मे से 56 और 20 सितम्बर को अमरपाटन के रोजगार मेला में 126 पंजीकृत युवाओं में से 104 युवाओं का चयन विभिन्न कम्पनियों द्वारा किया गया है। मैहर की ब्लाक स्तरीय रोजगार मेला 10 अक्टूबर को होगा। कलेक्टर ने कहा कि रोजगार मेले मे चयनित युवाओं का चयन किस रोजगार और कम्पनी मे हुआ है। इसकी विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराये। मैहर मे जिला स्तरीय रोजगार मेला 16 अक्टूबर को शासकीय विवेकानन्द कालेज मैहर मे आयोजित होगा।

धरती आबा अभियान की समीक्षा में बताया गया कि मैहर जिले मे अब कुल 1141 हितग्राहियो का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना शेष है। जिनमे 992 मैहर तहसील के है। इनमें 689 व्यक्ति जिले से बाहर अन्यंत्र है। जिनमें से 89 के कार्ड बनवा लिये गये है। जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग डॉ अरूण शुक्ला ने बताया कि 2 अक्टूबर की ग्राम सभा मे आदि कर्मयोगी अभियान में शामिल गावों के विलेज लेबल प्लान पर चर्चा कर अनुमोदन किया जायेगा। सभी ग्राम पंचायतो की विलेज लेबल कार्य योजना आज ही पोर्टल पर अपलोड करनी अनिवार्य है। सीईओ जनपद को इसके लिये नोडल अधिकारी बनाया गया है।

अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि मैहर जिले का दूसरा गौरव दिवस 5 अम्टूबर को मनाया जा रहा है। जिला स्तर पर 4 और 5 अक्टूबर को विविध गतिविधियों का आयोजन होगा। गौरव दिवस के अवसर पर मां शारदा देवी को चूनर चढाने 5 अक्टूबर को प्रातः 6 बजे से चूनर यात्रा का आयोजन होगा। इसी दिन सभी शासकीय-अशासकीय स्कूलो में 1 लाख 11 हजार 111 बच्चो से एक कटोरी दाल और चावल (मिक्स) अन्न का संग्रहण किया जायेगा। खिचड़ी प्रसाद के लिये बच्चों के अभिभावक एवं आम नागरिक भी एक कटोरी चावल, दाल का सहयोग कर सकेगे। कलेक्टर रानी बाटड ने मैहर जिले के गौरव दिवस के कार्यक्रमों में सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, समाज सेवी संस्थाओं, जिले के निवासियों से सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की है।


# नियमों की धज्जियां उड़ाता दिवित हास्पिटल सतना, आखिर किसकी सह पर संचालित है



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** दिवित हास्पिटल सतना, जो हार्ड स्पेशलिस्ट होने का दावा करता है, वास्तव में नियमों की धज्जियां उड़ाने में लगा हुआ है। यह हास्पिटल स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में कमाई का एक बड़ा धंधा बन गया है, लेकिन इसकी हकीकत इससे कहीं परे है।

सतना रीवा रोड पर कारगिल ढाबे के पास स्थित इस हास्पिटल में सुविधाएं और उपचार राम भरोसे हैं। यहां की स्थिति इतनी खराब है कि यह अस्पताल जनता को लूटने का सबसे अच्छा और सुरक्षित स्थान बन गया है। हास्पिटल के पास न तो पर्याप्त संसाधनों वाले कमरे हैं, न स्टाफ और न ही पार्किंग की व्यवस्था। लेकिन यहां की फीस वीआईपी स्तर की है। अगर हास्पिटल संचालन की गाइडलाइन की जांच की जाए, तो यह किसी भी कीमत पर खरा नहीं उतरेगा। यह सब बिना सरकारी या राजनीतिक संरक्षण के संभव नहीं है। सतना जिले के लोगों का दुर्भाग्य है कि वे बेबस होकर इस हास्पिटल में इलाज कराने आते हैं और फिर अपनी बेबसी पर आंसू बहाते हैं।

# सूने घर से 55 हजार नगदी, लाखों के गहने चोरी; परिवार रिश्तेदारी में गया हुआ था



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिले के नागौद कस्बे में एक सूने घर से लाखों की चोरी हुई है। अज्ञात बदमाशों ने मंगलवार देर रात सिविल लाइन निवासी उपेंद्र सिंह के घर का ताला तोड़कर 55 हजार रुपए नकद और करीब डेढ़ लाख रुपए के सोने के गहने चुरा लिए। उपेंद्र सिंह अपने परिवार के साथ मंगलवार को रिश्तेदारी में एक कार्यक्रम में सिंहपुर गए हुए थे। बुधवार सुबह करीब 7 बजे जब वे घर लौटे, तो उन्होंने देखा कि बाहर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था।

**सारा सामान बिखरा हुआ था:** घर के अंदर जाने पर कमरे में रखी अलमारी खुली मिली और सारा सामान बिखरा हुआ था। उपेंद्र सिंह ने बताया कि चोरों ने अलमारी से 55 हजार रुपये नकद, एक सोने की चेन और दो अंगूठियां चुराई हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपए है।


घटना की सूचना नागौद थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि चोरों का सुराग मिल सके।

# इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सतना में डॉ. राकेश अग्रवाल अध्यक्ष एवं डॉ. आलोक खन्ना सचिव पद पर पुनः निर्विरोध निर्वाचित





डॉ. अलोक खन्ना, सचिव



डॉ. विपिन दुबे, उपाध्यक्ष



डॉ. सारिका कालरा, उपाध्यक्ष

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** डॉक्टर्स की सर्वोच्च संस्था इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सतना के आगामी सत्र के लिए विगत दिवस आयोजित एक आम सभा में निर्वाचन अधिकारी डॉ. आर के नेमा और डॉ. जी पी सिंह ने चुनाव प्रक्रिया का विधिवत संचालन किया।

इस चुनाव में अध्यक्ष पद हेतु डॉ. राकेश अग्रवाल, सचिव पद हेतु डॉ. आलोक खन्ना, कोषाध्यक्ष हेतु डॉ. ललित गुप्ता, और उपाध्यक्ष पद हेतु डॉ. विपिन दुबे एवं डॉ. सारिका कालरा को आम सभा में सभी डॉक्टर्स की एक राय से निर्विरोध निर्वाचित किया गया।

डॉ. राकेश अग्रवाल ने निर्वाचन अधिकारी और सभी डॉक्टर्स को निर्वाचन प्रक्रिया सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि आईएमए सतना द्वारा किए जा रहे सामाजिक एवं चिकित्सीय सेवा कार्यों को निरंतर जारी रखा जाएगा और सभी डॉक्टर्स की प्रतिष्ठा एवं सुरक्षा पर ध्यान दिया जाएगा।

आई एम ए सचिव एवं जिला चिकित्सालय के वरिष्ठ शल्य विशेषज्ञ डॉ. आलोक खन्ना ने कहा कि ढ्ढरू सतना समाज के साथ मिलकर डॉक्टर्स और शहरवासियों के मध्य सामंजस्य एवं विश्वास स्थापित करने का प्रयास करेगा।

इस आम सभा में आईएमए के राष्ट्रीय एडिटर डॉ. आर के नेमा, डॉ. जी पी सिंह, डॉ. डी के तिवारी, और अन्य डॉक्टर्स ने पूर्ण सहमति प्रदान करते हुए सभी प्रकार से सहयोग करने का वादा किया।

इस अवसर पर डॉ. हरी अग्रवाल, डॉ. अनिल श्रीवास्तव, डॉ. मानिक गुप्ता सहित कई अन्य डॉक्टर्स ने बधाई दी और नए पदाधिकारियों के प्रति शुभकामनाएं व्यक्त की।

# विंध्य प्रदेश में क्रिकेट का ठेका निरस्त, सिंधिया की सराहनीय कार्यवाही

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** भारत में क्रिकेट का जुनून इतना बढ़ गया है कि इसे भगवान के रूप में देखा जाने लगा है। लेकिन आज के दौर में क्रिकेट में राजनीति का प्रवेश हो गया है। मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) के अध्यक्ष महाआर्यन सिंधिया के नेतृत्व में उम्मीद है कि प्रदेश का क्रिकेट स्तर ऊंचा होगा और राजनीति का प्रभाव समाप्त होगा। विंध्य प्रदेश से ईश्वर पाण्डेय और कुलदीप सेन जैसे खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट खेल चुके हैं। लेकिन दुर्भाग्य से, आज विंध्य प्रदेश के क्रिकेट में परिवारवाद और भाई-भतीजावाद का बोलबाला हो गया है। सतना क्रिकेट संघ में तदर्थ कमेटी के गठन ने आम जनता को अचंभित कर दिया है।

राजेश कैला जैसे लोग, जो प्रदूषण फैलाने वाले और सरकारी ठेके लेने वाले हैं, क्रिकेट में भी अपनी जगह बना रहे हैं। इस समिति को प्रेक्षक भविष्य के राजनीतिक विकल्प के रूप में देख रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या एमपीसीए के अध्यक्ष ऐसी मनमानियों को बर्दाश्त करेंगे।

सतना की तदर्थ क्रिकेट समिति को निलंबित करना एक सुकून देने वाली खबर है। यह मामला सतना जिला क्रिकेट संघ को भंग करने से जुड़ा है। आरडीसीए के पदाधिकारियों, खासकर कमल श्रीवास्तव के तानाशाही रवैये ने रीवा डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन के अस्तित्व पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

एमपीसीए ने आरडीसीए द्वारा मामले की जांच करने के तरीके पर आपत्ति जताई और सभी दस्तावेज तलब किए। इस मामले का एमपीसीए द्वारा निराकरण होने तक आरडीसीए को आदेश देने से प्रतिबंधित किया गया था। बावजूद इसके, आरडीसीए ने एकतरफा आदेश जारी कर एमपीसीए के दिशा निर्देशों की अनदेखी की।

# जमीनी विवाद के चलते युवक ने की आत्महत्या, मुस्लिम पक्ष की धमकी से परेशान था; परिजनों ने सड़क पर शव रख किया प्रदर्शन



**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** जिले में जमीनी विवाद के चलते एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से आक्रोशित परिजनों ने अमरपाटन में शव रखकर सड़क जाम कर दिया और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस और तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को शांत करने का प्रयास किया।

यह मामला मैहर जिले की अमरपाटन तहसील का है। मृतक की पहचान भीसमपुर निवासी श्रवण कुमार कोरी (पिता रामसजीवन कोरी) के रूप में हुई है। श्रवण ने अपने घर पर फांसी लगाई थी। आत्महत्या के बाद परिजनों ने अमरपाटन में शव को सड़क पर रखकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। थाना प्रभारी और तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझाने की कोशिश की।

मृतक के पिता राम संजीवन ने बताया कि उन्होंने 10 सितंबर 2013 को अमरपाटन में रहीम (61), मुबारक (52), हैदर (46) और अब्बास (39) (सभी पिता गुलाब) से एक जमीन खरीदी थी, जिसकी रजिस्ट्री भी हुई थी। बाद में, मुबारक ने यही जमीन नसीम (35, पिता इदरीश) को बेच दी।

पिता के अनुसार, नसीम ने जबरदस्ती रातोंरात पिलर खोदकर निर्माण कार्य शुरू कर दिया था। इसके खिलाफ 30जुलाई को अमरपाटन में शिकायत दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने इसे राजस्व विभाग का मामला बताकर तहसीलदार के पास भेज दिया।

# धूमधाम से मनाया गया गरबा एवं डांडिया महोत्सव

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सुदर्शन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, सतना द्वारा गरबा एवं डांडिया नाइट का आयोजन बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों ने पारंपरिक परिधानों में सजकर गरबा और डांडिया की प्रस्तुति दी।



कार्यक्रम में रंग-बिरंगी झिलमिलाती लाइटों और मधुर संगीत ने माहौल को आनंदमय बना दिया। विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया। उनके उत्साह और प्रतिभा की अभिभावकों और अतिथियों ने सराहना की।

इस आयोजन में विद्यालय परिवार ने सक्रिय सहयोग दिया। सभी ने मिलकर इस महोत्सव को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यार्थियों ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए गरबा और डांडिया की विभिन्न शैलियों को प्रस्तुत किया, जिससे कार्यक्रम में चार चांद लग गए।

अंत में, प्राचार्य ने सभी शिक्षकों का विशेष आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग और मार्गदर्शन से यह आयोजन सफल हो पाया। उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने और भारतीय संस्कृति से जुड़ाव को मजबूत करने में सहायक होते हैं।

# बुलेट से आया युवक नदी में कूदा, मौत



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** एक युवक बुलेट बाइक से पुल पर पहुंचा। गाड़ी वहीं खड़ी करके उसमें छलांग लगा दी। युवक की नदी में डूबने से मौत हो गई। 3 घंटे चले रेस्क्यू के बाद उसके शव को बाहर निकाला। युवक का नदी में कूदने से पहले का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह कह रहा है कि मैं जा रहा हूं सबकुछ छोड़कर, न मुझे किसी चीज का टेंशन... बाय-बाय

मामला शहर के माधवगढ़ में टमस नदी के पुल पर बुधवार दोपहर का है। युवक की पहचान भरहुत नगर निवासी बृजेश गुप्ता के रूप में हुई। सूचना मिलने पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और बचाव अभियान शुरू किया।

**मौके पर पहुंचे लोगों ने पुलिस बुलाई:** बृजेश गुप्ता दोपहर लगभग 1 बजे अपनी बुलेट बाइक से माधवगढ़ पुल पर पहुंचे। कुछ देर बाद उन्होंने अचानक पुल से नीचे नदी में कूद कर जान दे दी। घटना को देखकर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिन्होंने तत्काल पुलिस को सूचित किया।

**एसटीआरएफ टीम ने शव निकाला:** पुलिस ने तुरंत एसडीआरएफ टीम को बुलाया। एसडीआरएफ के गोताखोरों ने टमस नदी में कई घंटों तक सघन तलाशी अभियान चलाया। आखिरकार, दोपहर लगभग पौने 3 बजे टीम ने युवक का शव नदी से बरामद कर लिया। शव मिलने के बाद मृतक के परिवार को घटना की जानकारी दी गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार युवक के इस कदम के पीछे पारिवारिक या मानसिक तनाव एक संभावित कारण हो सकता है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की आगे की जांच शुरू कर दी है।

# मेले में बिकने आए देशी मसाले, तुअर दाल, देशी नमकीन, आचार के उत्पादों ने ग्राहकों को किया आकर्षित



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना जिले के कलेक्ट्रेट परिसर में स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने और स्वरोजगार को प्रोत्साहन करने की मंशा को लेकर जिला पंचायत द्वारा वोकल फॉर लोकल थीम पर तीन दिवसीय आजीविका फ्रेश मेला लगाया गया। इसमें आजीविका मिशन के विभिन समूहों द्वारा निर्मित स्थानीय खाद्य उत्पादों को विक्रय करने के लिए करीब 33 स्टाल लगाए गए। जिसमें देशी मसाला, अचार, धूपबत्ती, पापड़, कोदों कुटकी, देशी घी, उत्पाद, हल्दी, धनिया, मिर्ची, गर्म मसाला, आचार, मधुमक्खी की शहद, देव पूजा, मूंग, चना, अरहर दाल, चूड़िया, कंगन, मिट्टी से बने दीपक, डेकोरेशन आइटम, वुडन क्राफ्ट सामग्री सहित वह प्रत्येक सामग्री उपलब्ध कराई गई जो घर के लिए उपयोगी साबित होती हैं। कलेक्ट्रेट परिसर में आजीविका मिशन के मेले में विक्रय के लिए रखे देशी उत्पाद आम आदमी की उपयोग की वस्तुएं जो दैनिक जीवन में जरूरी होती है। सभी विकासखण्ड की स्व सहायता समूह की दीदी के माध्यम से निर्मित मिट्टी के दीपक, कप, कंगन, आदि सामान बना रही हैं और लघु उद्योग चलाकर आजीविका से जुड़ी हैं। इन उत्पादों को बेचकर अच्छा मुनाफा कमा रही है। आजीविका मिशन अंतर्गत आयोजित वोकल फॉर लोकल थीम पर तीन दिवसीय आजीविका फ्रेश मेले का समापन बुधवार को किया गया। अधिकारियों ने बताया कि इस तीन दिवसीय मेले में स्थानीय स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार ताजे उत्पादों, हस्तशिल्प और ग्रामीण आजीविका आधारित वस्तुओं की बिक्री की गई। मेले का उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना और स्वरोजगार को प्रोत्साहन देना है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के स्व-सहायता समूहों को आर्थिक मजबूती मिलेगी और उपभोक्ताओं को व ताजे उत्पाद सुलभ दामों पर उपलब्ध कराया जा सकता है। तीन दिवसीय मेले में समूहों ने लगभग 2 लाख 65 हजार की सामग्री का विक्रय किया।

# सेवा पखवाडा अभियान के तहत स्वच्छता अभियान का हुआ आयोजन

**सतना।** राज्य शासन के निर्देशानुसार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पूरे प्रदेश में सेवा पखवाडा अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय सतना में स्वच्छता पखवाड़ा का समापन स्वच्छता अभियान के साथ किया गया। जिसमें महाविद्यालय के सभी संकाय सदस्यों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महाविद्यालय के डीन डॉ. एसपी गर्ग सपत्नीक डॉ. विद्या गर्ग के साथ स्वयं नेतृत्व करते हुए स्वच्छता अभियान में सक्रिय रूप से शामिल हुए। उन्होंने केवल विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को प्रेरित ही नहीं किया बल्कि स्वयं भी सफाई कार्य में सम्मिलित होकर यह संदेश दिया कि चिकित्सक केवल उपदेश देने वाले नहीं, बल्कि उदाहरण प्रस्तुत करने वाले भी होने चाहिए।

# सोनौरा वृद्धाश्रम में हुआ वरिष्ठजनों का सम्मान

**सतना।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर बुधवार को मॉडल शिक्षा समिति द्वारा सोनौरा में संचालित वृद्धाश्रम में वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठजनों को उनकी आवश्यकतानुसार सहायक उपकरण श्रवण यंत्र, कैलीपर्स, वाकर एवं स्टिक का वितरण भी किया गया।

# नवरात्र में घर में घुसा 6 फीट लंबा कोबरा पूजा कमरे में पलंग पेटी के पीछे बैठा था



**सागर, एजेंसी।** सागर के ग्राम बम्होरी में मंगलवार दोपहर एक मकान में करीब 6 फीट लंबा कोबरा घुस गया। सांप पूजा वाले कमरे में रखी पलंग पेटी के पीछे छिपकर करीब दो घंटे तक बैठा रहा। घटना से घर के लोग दहशत में आ गए।

परिवार ने तुरंत स्नेक कैचर बबलू पवार को सूचना दी। लेकिन वह अष्टमी पूजन में अपने गांव गए हुए थे, जिससे आने में देरी हुई। शाम को वे मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू शुरू किया।

## पूजा कक्ष में पलंग पेटी के पीछे मिला सांप

बबलू पवार घर में पहुंचे तो कोबरा पूजा कक्ष में पलंग पेटी के पीछे छिपा मिला। कुछ देर की मशक्कत के बाद उसे सुरक्षित पकड़ा गया। जब सांप को बाहर लाया गया तो मौके पर देखने के लिए भीड़ जुट गई।

## लोगों ने सांप को देवता मानकर छोड़ा

सांप को देखने के बाद ग्रामीणों ने कहा कि नवरात्र में नागदेव निकले हैं और यह देवी-देवता का रूप हो सकते हैं। लोगों की इच्छा पर स्नेक कैचर के साथ ग्रामीण जंगल गए और वहां कोबरा को सुरक्षित छोड़ दिया गया।

## बेहद जहरीला और पुराना कोबरा था

स्नेक कैचर बबलू पवार ने बताया कि यह कोबरा प्रजाति का सांप था, जिसकी लंबाई करीब 6 फीट और उम्र काफी पुरानी थी। कोबरा बेहद जहरीला और खतरनाक माना जाता है।

# केसरिया गरबा में ऑपरेशन सिंदूर की झलक :तिरंगे से सजा गरबा पांडाल

### भारत माता के जयकारें लगे, रिटायर्ड आर्मी जवानों का सम्मान



**खंडवा, एजेंसी।** खंडवा के भंडारी पब्लिक स्कूल के ग्राउंड पर आयोजित शहर के एकमात्र सार्वजनिक गरबा महोत्सव में मंगलवार को अष्टमी के दिन 'ऑपरेशन सिंदूर' की झलक देखने को मिली। इस दौरान हजारों लोग गरबा का आनंद लेने ग्राउंड में पहुंचे।

कार्यक्रम में भारतीय सेना के रिटायर्ड जवान नीलेश कुमार मिश्रा और अभिषेक चौरे का मंच पर सम्मान किया गया। देशभक्ति के रंग में ग्राउंड तिरंगा झंडा और 'जय श्रीराम' के नारों से गूंज उठा। हजारों परिवारों ने गरबा करते हुए राष्ट्रभक्ति के गीतों और जयकारों का आनंद लिया।

## दो दिन का रंगारंग आयोजन

दो दिन पहले सोमवार को सप्तमी के मौके पर पिंक थीम पर गरबा हुआ था। इस दौरान महिलाओं पर पुष्पवर्षा की गई। खास बात यह रही कि महिला विशेष को मंच या सम्मान न देकर सभी मातृशक्ति का सम्मान किया गया।

## पारिवारिक माहौल और सुरक्षा व्यवस्था

केसरिया गरबा महोत्सव में युवक-युवतियों के साथ परिवार के लोग भी हिस्सा लेते हैं। सिर्फ परिवार को प्रवेश दिया गया। सुरक्षा के लिए निजी एजेंसी और पुलिस जवान तैनात रहे। मेन रोड पर पार्किंग के साथ-साथ गरबा ग्राउंड में फूड जोन की भी व्यवस्था की गई थी।

## समापन और कन्या पूजन

आयोजक रितेश कपूर और आशीष जायसवाल ने बताया कि 10 दिनी महोत्सव में कन्या पूजन के बाद रोज आरती की गई। बुधवार को गरबा महोत्सव का समापन होगा, जिसमें पारिवारिक माहौल के बीच हजारों लोग शामिल हुए।

# नाले में मिला बुजुर्ग का शव

### तीन-चार दिन से लापता थे, बदबू आई तब चला पता, खेत पर अकेले रहते थे

**रतलाम, एजेंसी।** रतलाम के रावटी थाना अंतर्गत एक नाले में 63 साल के बुजुर्ग का शव मिला है। बुजुर्ग तीन-चार दिन से लापता था। परिजन उसे तलाश कर रहे थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी है।

मृतक का नाम मडिया पिता कलजी गणावा निवासी ग्राम नरसिंगना है। मंगलवार रात 10.30 बजे पुलिस को सूचना मिली। रावटी थाना प्रभारी दीपक मंडलोई समेत पुलिस बल पहुंचा। नाले में देखा तो बॉडी औंधे मुहं पड़ी थी। काफी मशक्कत के बाद नाले में शव निकाला। देर रात डेढ़ बजे शव को रतलाम मेडिकल कॉलेज भेजा।

**अकेला रहता था:**मृतक अपने खेत में ही टापरी (झोपड़ी) बनाकर रहता था। परिजन गांव में रहते हैं। तीन-चार दिन से यह लापता थे। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी। मंगलवार रात नाले से बदबू आने पर जानकारी मिली। संभावना जताई जा रही है कि शौच के दौरान बुजुर्ग नाले में पैर फिसलने से गिरा होगा।

**खेत के पास नाला:**रावटी थाना प्रभारी दीपक मंडलोई ने बताया बुजुर्ग का शव उन्हीं के खेत के पास नाले में मिला है। शव पूरी तरह से डिकंपोज हो गया।

## युवक का शव कुएं से बरामद, 3 दिन से था लापता

**देवास, एजेंसी।** जिले के सन्नौड़ क्षेत्र में मंगलवार को 19 वर्षीय युवक का शव कुएं से बरामद किया गया। डबलचौकी पुलिस ने यह शव एक किसान के खेत में स्थित कुएं से निकाला। युवक 27 सितंबर से लापता था, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट परिजनों ने दर्ज कराई थी। मृतक की पहचान सन्नौड़ निवासी करण परमार के रूप में हुई है। परिजनों का आरोप है कि करण फर्जी कॉल के जरिए ठगी का शिकार हुआ था। वह पेशे से मिस्त्री का काम करता था। करण के भाई अर्जुन परमार ने बताया कि पिछले एक महीने से करण को लगातार फर्जी कॉल आ रहे थे। इन कॉल्स की वजह से उसने डेढ़ से दो लाख रुपये गंवा दिए थे, जिसमें उसकी पत्नी की सारी जमा पूंजी भी शामिल थी। करण 27 सितंबर से घर से लापता था। खेत मालिक के फोन करने पर परिजनों को घटना की जानकारी मिली। डबलचौकी पुलिस ने मृतक का मोबाइल फोन जब्त कर लिया है।

# सड़क हादसे में युवक घायल- ब्रेक फेल होने पर बाइक सहित गिरा, समय से नहीं पहुंची एंबुलेंस



**सीधी, एजेंसी।** जिले के सदैनिहा गांव निवासी ज्ञानेंद्र बहादुर सिंह बुधवार सुबह एक सड़क हादसे का शिकार हो गए। वे सुबह लगभग 8 बजे सदैनिहा से सीधी की ओर अपनी मोटरसाइकिल से जा रहे थे, तभी बाइक का ब्रेक अचानक फेल हो गया। वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ा, जिससे ज्ञानेंद्र बहादुर को हाथ, पैर, सीने, मुंह और सिर पर गंभीर चोटें आईं।

घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। उनकी बहन रेवती सिंह ने बताया कि भाई सामान लेने निकले थे, तभी यह हादसा हुआ। उन्हें फोन पर खबर मिली, जिसके बाद वे भागकर जिला अस्पताल पहुंचीं, जहां उन्होंने भाई की गंभीर हालत और शरीर पर कई जगह चोटें देखीं।

ग्रामीणों के अनुसार, हादसे के बाद घायल ज्ञानेंद्र बहादुर करीब आधे घंटे तक सड़क पर पड़े रहे, जिसके बाद 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। घटना स्थल पर मौजूद सुनील मिश्रा ने बताया कि एंबुलेंस के समय पर न पहुंचने से परिजनों और ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई थी। उन्हें अंततः जिला अस्पताल सीधी में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

इस पूरे मामले में अस्पताल चौकी प्रभारी आरपी मांझी ने बताया कि हादसे की सूचना मिलने पर तुरंत कार्रवाई की गई है। प्राथमिक जांच में यह एक साधारण सड़क दुर्घटना प्रतीत हो रही है, जिसकी आगे जांच की जा रही है।

## बाइक से गिरी महिला की मौत :अशोकनगर के बरखेड़ा गांव के पास ब्रेकर पर उछलकर गिरी



**अशोकनगर, एजेंसी।** अशोकनगर जिले के पिपरई क्षेत्र में एक सड़क हादसे में 50 वर्षीय महिला की मौत हो गई। महिला चलती बाइक से उछलकर गिर गई थी, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई थी। उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

मृतका महिला आनंदपुर चक्क थाना कचनार निवासी की रहने वाली है। महिला का नाम आराम बाई है। मंगलवार को वह अपने भाई रामसेवक अहिरवार के साथ माता पूजन के लिए बरखेड़ा गांव गई हुई थी। दोपहर के समय दोनों बाइक से अपने घर लौट रहे थे। गांव से कुछ दूर आगे एक ब्रेकर पर बाइक उछली और आराम बाई नीचे गिर गई।

### इलाज के दौरान मौत

महिला सड़क पर सिर के बल गिरी, जिससे उसका सिर फट गया और गंभीर चोट आई। उसी गांव में पूजन के लिए गए कुछ अन्य लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और महिला को बाइक से मुंगावली सिविल अस्पताल ले गए।

मुंगावली में प्राथमिक उपचार के बाद आराम बाई की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। देर शाम जिला अस्पताल में उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई।

## नाले में मिला बुजुर्ग का शव,तीन-चार दिन से लापता थे

रतलाम, एजेंसी। रतलाम के रावटी थाना अंतर्गत एक नाले में 63 साल के बुजुर्ग का शव मिला है। बुजुर्ग तीन-चार दिन से लापता था। परिजन उसे तलाश कर रहे थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी है। मृतक का नाम मडिया पिता कलजी गणावा निवासी ग्राम नरसिंगना है। मंगलवार रात 10.30 बजे पुलिस को सूचना मिली। रावटी थाना प्रभारी दीपक मंडलोई समेत पुलिस बल पहुंचा। नाले में देखा तो बॉडी औंधे मुहं पड़ी थी। काफी मशक्कत के बाद नाले में शव निकाला। देर रात डेढ़ बजे शव को रतलाम मेडिकल कॉलेज भेजा। अकेला रहता था :मृतक अपने खेत में ही टापरी (झोपड़ी) बनाकर रहता था। परिजन गांव में रहते हैं। तीन-चार दिन से यह लापता थे। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी। मंगलवार रात नाले से बदबू आने पर जानकारी मिली। संभावना जताई जा रही है कि शौच के दौरान बुजुर्ग नाले में पैर फिसलने से गिरा होगा।

# भादवामाता में धूमधाम से दी गई माता रानी को विदाई

### रातभर महाअष्टमी हवन, अलबसुबह हुई पूर्णाहुति



**नीमच, एजेंसी।** मालवा की प्रसिद्ध आरोग्य तीर्थस्थली भादवा माता में शारदीय नवरात्रि महापर्व का समापन हो गया। मंगलवार रात महाअष्टमी हवन में हजारों भक्तों ने भाग लिया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में शीश झुका कर सुख-समृद्धि का आशीर्वाद लिया।

मंगलवार रात करीब 10:30 बजे पं. चतुर्भुज शास्त्री के मार्गदर्शन में ब्राह्मणों ने हवन की शुरुआत की। ग्राम पटेल निरंजन नागदा और देवीलाल नागदा ने मुख्य यजमान की भूमिका निभाई। सातवें दिन तक हजारों श्रद्धालु कई किलोमीटर की दूरी नंगे पांव तय करके माता के दरबार पहुंचे थे।

इस आयोजन में जिले के कई उच्च अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इनमें कलेक्टर हिमांशु चंद्रा, एसपी अंकित जायसवाल, एसडीएम संजीव साहू और विधायक अनिरुद्ध मारु शामिल थे। देर रात तक मां भादवा के जयकारों के बीच श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

रातभर चले हवन की पूर्णाहुति बुधवार सुबह ब्रह्ममुहूर्त में हुई। इसके बाद माता की महाआरती के साथ शारदीय नवरात्रि मेले का भी औपचारिक रूप से समापन हो गया। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मार्ग पर विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा स्वल्पाहार की स्टॉल लगाई गई थीं। सुरक्षा के लिए पुलिस और प्रशासन की पुख्ता व्यवस्था रही।



## नर्मदापुरम के मालाखेड़ी में 3 दिन से मगरमच्छ का मूवमेंट

**नर्मदापुरम, एजेंसी।** मालाखेड़ी के बांद्राभान रोड पर नाले में तीन दिन से मगरमच्छ देखा जा रहा है। मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात 12-30 बजे यह मगरमच्छ पुलिया के ऊपर सड़क पर घूमते हुए नजर आया। मगरमच्छ सड़क पर चलता रहा। जैसे ही एक कार उसके पास पहुंची और हेडलाइट लगी, मगरमच्छ धीरे-धीरे पुलिया पार कर गया।

भोपाल लौट रहे सीवी रमन इंस्टिट्यूट के संचालक विवेक भदौरिया ने इस मूवमेंट का वीडियो बनाया। वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट होते ही वायरल हो गया और इलाके में दहशत का माहौल बन गया। फॉरेस्ट अफसरों के मुताबिक मगरमच्छ आमतौर पर पानी में रहते हैं, लेकिन कभी-कभी रास्ता भटककर नाले में आ जाते हैं। सोमवार को भी मगरमच्छ नाले में देखा गया था। उसे पकड़ने के लिए जाल लगाया गया था, लेकिन वह दिखाई नहीं दिया। अधिकारियों ने बताया कि यह पहला मामला नहीं है। पिछले साल भी मगरमच्छ सड़क या नाले में दिखा था।

# मैं हूँ अभिमन्यू मैराथन दौड़-जिला चिकित्सालय से चर्च ग्राउंड तक बच्चों ने लगाई दौड़, एसपी ने भी लिया हिस्सा



**सीहोर, एजेंसी।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा संचालित मैं हूँ अभिमन्यू अभियान के तहत जिला चिकित्सालय से चर्च ग्राउंड स्टेडियम तक मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। बुधवार सुबह पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ की शुरुआत की। इस दौड़ में बड़ी संख्या में बच्चे उत्साहपूर्वक भाग लिए।

पुलिस अधीक्षक ने बच्चों से संवाद कर उन्हें समाज सुधार में सक्रिय होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि अभियान का उद्देश्य समाज में व्याप्त नशा, लैंगिक भेदभाव, दहेज प्रथा, अश्लीलता, असंवेदनशीलता और अशिक्षा जैसी बुराइयों के खिलाफ युवाओं को जागरूक करना है।

**अभियान का महत्व:**इस अभियान का नाम महाभारत के वीर अभिमन्यू से लिया गया है। जैसे अभिमन्यू ने कौरवों द्वारा रचे गए चक्रव्यूह को भेदकर साहस दिखाया, उसी प्रकार इस अभियान में अभिमन्यू बनने से तात्पर्य है समाज की बुराइयों का डटकर सामना करना और सुरक्षित, सशक्त एवं विकसित समाज की स्थापना करना।

**अधिकारियों और स्टाफ की उपस्थिति:**दौड़ के दौरान उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा शाखा पूजा शर्मा, महिला थाना प्रभारी माया सिंह, कोतवाली थाना प्रभारी रविंद्र सिंह यादव, रक्षित निरीक्षक उपेंद्र सिंह यादव, उपनिरीक्षक किरण सिंह एवं संबंधित थानों का स्टाफ उपस्थित रहा।

# 7 सटोरिये गिरफ्तार, 13,380 रुपए कैश, सट्टा पर्चियां जब्त; कई पर पुराने मामले दर्ज



**छतरपुर, एजेंसी।** छतरपुर में पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देश पर सट्टा और जुआ खेलने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में, कोतवाली थाना पुलिस ने रविवार देर रात अलग-अलग जगहों पर दबिश देकर 7 लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से कुल 13,380 रुपए और सट्टा पर्चियां जब्त कीं।

## 7 आरोपी गिरफ्तार

कोतवाली थाना क्षेत्र में बस स्टैंड, गुप्ता लॉज और अपोलो क्रॉस मार्केट के पास से अलग-अलग लोगों को पकड़ा गया। विजय सोनी को 2,370 रुपए के साथ पकड़ा गया। करण कुशवाहा से 2,210 रुपए और जगदीश सैनी व पवेंद्र लखेरे से 3,180 रुपए नकद और पर्चियां बरामद हुईं।

इसके अलावा प्रमोद सोनी को 2,660 रुपए और पर्ची, सुरेश सेन को 1,870 रुपए, यशवंत कुशवाहा को 1,090 रुपए और पर्ची के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार कुछ लोग पहले से आपराधिक मामलों में भी शामिल रहे हैं।

## आरोपियों पर पहले से कई मामले दर्ज

पवेंद्र लखेरे पर जुआ और मारपीट के 6 मामले दर्ज हैं। यशवंत कुशवाहा पर जुआ के 3 मामले हैं और जगदीश सैनी पर भी जुआ से संबंधित अपराध दर्ज हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ पब्लिक गैंबलिंग एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे जांच की जा रही है।

# मानसून सीजन के दिन भी जमकर बरसे बदल

### रात को हुई तेज बारिश से तरबतर हुआ शहर, बादल भी जमकर गरजे




**टीकमगढ़, एजेंसी।** टीकमगढ़ में मानसूनी सीजन के आखिरी दिन मंगलवार रात तेज गड़गड़ाहट के साथ भारी बारिश हुई। जिले में अब तक 54.2 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई है, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 10.7 इंच अधिक है। जिले का सामान्य औसत वर्षा आंकड़ा 40 इंच है। पलेरा तहसील में सर्वाधिक 81.5 इंच से अधिक बारिश हुई है, जो सामान्य औसत से दोगुनी है।

बुधवार सुबह से आसमान में बादल छाए हुए हैं। पिछले एक सप्ताह से दिन में तेज धूप निकल रही थी, जिससे अधिकतम तापमान 34-35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ था। मौसम विभाग ने आज दिन भर रुक-रुक कर बारिश होने की संभावना जताई है।

भू अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, विभिन्न तहसीलों में हुई बारिश का विवरण इस प्रकार है- टीकमगढ़ में 63.7 इंच, बड़ागांव धसान में 38 इंच, बल्देवगढ़ में 50.5 इंच, खरगापुर में 53.2 इंच, जतारा में 48 इंच, मोहनगढ़ में 58.56 इंच और लिधौरा तहसील में 43 इंच बारिश दर्ज की गई है।

इस बारिश के कारण नवदुर्गा पंडालों में भक्तों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आज नवरात्रि की नवमी होने के कारण हवन के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसके लिए बारिश से बचाव हेतु वॉटरप्रूफ हवन स्थल तैयार किए जा रहे हैं।

## सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में हम एक भी टूर्नामेंट नहीं हारे : सैयद किरमानी



**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज सैयद किरमानी ने एशिया कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि सूर्यकुमार यादव जब से टी20 कप्तान बने हैं। भारतीय टीम ने एक भी टी20 सीरीज नहीं गंवाई है। उन्होंने कहा, बतौर कप्तान सूर्यकुमार यादव बेहतरीन रहे हैं। उन्होंने टीम का अच्छे से नेतृत्व किया है। हमें अच्छे परिणाम मिले हैं। टीम को जो भी सफलता मिलती है, उसमें 90 प्रतिशत योगदान खिलाड़ियों का और 10 प्रतिशत सपोर्ट स्टाफ का होता है। एशिया कप में टीम इंडिया का प्रयास बेहतरीन रहा। फाइनल मैच का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, फरहान और फखर ने पाकिस्तान को अच्छी शुरुआत दी थी, इससे टीम की चिंता बढी थी। हमारे गेंदबाजों ने अच्छी वापसी कराई। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम को शुरुआत में झटके लगे। इसमें अभिषेक शर्मा का विकेट भी शामिल था, जो टूर्नामेंट में अच्छे फॉर्म में दिखे।

उन्होंने कहा, टीम जब मुश्किल में होती है, तो आपको धैर्य के साथ खेलना होता है। फाइनल मुकाबले में तिलक ने ऐसा ही किया। दुबे ने भी तिलक का अच्छा साथ निभाया। दुबे ने एक-दो ओवर में अपनी बैटिंग से मैच का पलड़ा भारत की तरफ मोड़ा। आपको हमेशा स्थिति को समझकर अपनी क्षमता को परखते हुए खेलना होगा। तिलक ने यही किया। किसी भी खिलाड़ी को अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखनी चाहिए। उसके मन में ऐसा अभिमान नहीं आना चाहिए कि उसने देश को जिताया है। यह टीम गेम है। किरमानी ने कहा, अभिषेक शर्मा को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। वह पूरे टूर्नामेंट के दौरान शानदार खेले। उन्हें बैटिंग करते हुए देखना सुखद था। सभी सूर्यकुमार यादव की विस्फोटक बल्लेबाजी का भी इंतजार कर रहे थे। दुर्भाग्यवश वह नहीं चले। कोई बात नहीं है, क्रिकेट यही है। हर दिन आपका नहीं हो सकता है। संजू सैमसन एक बेहतरीन विकेटकीपर बल्लेबाज रहे हैं और उन्होंने अपनी क्षमता को साबित किया है। फाइनल में जिस शॉट पर वह आउट हुए, उसे वह नियंत्रित कर सकते थे। उन्होंने कहा कि एशिया कप में भारतीय टीम की जीत टीम भावना की जीत थी। सभी खिलाड़ियों ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया।

## दौसा में होगी 30वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता

**दौसा, एजेंसी।** देव नगरी दौसा आगामी दिनों में खेलों का गवाह बनेगी। यहां 14 से 17 अक्टूबर तक 30वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। खेल प्रेमियों में इस प्रतियोगिता को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है और आयोजन को सफल बनाने की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।ये भी पढ़ें - अपने राज्य / शहर की खबर अख़बार से पहले पढ़ने के लिए क्लिक करे इस प्रतियोगिता में देशभर से विभिन्न राज्यों की टीमें भाग लेंगी और प्रतिभाशाली खिलाड़ी अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगे। आयोजन समिति के अनुसार, दौसा में होने वाला यह राष्ट्रीय स्तर का टूर्नामेंट स्थानीय खिलाड़ियों को भी बड़ा मंच प्रदान करेगा और जिले की खेल प्रतिभाओं को निखारने का अवसर देगा।

## शाहिद अफरीदी ने मोहसिन नकवी को दी सलाह, कहा- पीसीबी या गृह मंत्री पद में एक चुनें



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशियन क्रिकेट काउंसिल के अध्यक्ष मोहसिन नकवी विवादों में हैं। उन पर एशिया कप 2025 की विजेता भारतीय क्रिकेट टीम को खिताब नहीं सौंपने का आरोप है। भारतीय टीम द्वारा मोहसिन नकवी से एशिया कप का खिताब लेने से इनकार के बाद वह ट्रॉफी लेकर चले गए थे। उनके इस व्यवहार ने उन्हें विवादों में ला दिया है। इसी बीच पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने मोहसिन नकवी को एक बड़ी सलाह दी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक शाहिद अफरीदी ने मोहसिन नकवी से पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष या पाकिस्तान के गृह मंत्री के पद में से एक पद छोड़ने की मांग की है। उनके अनुसार नकवी दोनों मोर्चों पर ठीक से काम नहीं कर पा रहे हैं। अफरीदी ने यह मांग रविवार को एशिया कप फाइनल के बाद की। अफरीदी ने कहा, नकवी साहब से मेरा अनुरोध या सलाह यह है कि आपके पास दो बहुत महत्वपूर्ण पद हैं, और ये बड़े काम हैं। इन्हें पूरा करने में समय लगता है। पीसीबी गृह मंत्रालय से बिल्कुल अलग है, इसलिए इसे अलग रखा जाना चाहिए। यह एक बड़ा फैसला होगा और इसे जल्द से जल्द लिया जाना चाहिए।

# द्रोणाचार्य अवॉर्ड पाने वाली पहली महिला हॉकी कोच, जिन्होंने समाज से लड़कर देश को दिलाए मेडल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान प्रीतम सिवाच ने अपने शानदार खेल और नेतृत्व से देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने भारत की महिला हॉकी टीम को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई। प्रीतम सिवाच देश की पहली महिला हॉकी कोच हैं, जिन्हें द्रोणाचार्य अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। जब प्रीतम 10वीं क्लास में थीं, तब परिवार चाहता था कि उनकी शादी हो जाए, लेकिन प्रीतम ने परिवार से कुछ समय मांगा। वह अपने सपनों की उड़ान भरना चाहती थीं। उन्होंने परिवार से ये तक कह दिया कि अगर इतनी जल्दी शादी करवाई, तो वह घर से भाग जाएंगी। ऐसे में उन्हें 2 साल की मोहलत मिल गई।

साल 1990 में प्रीतम ने पहली बार राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हुए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब भी अपने नाम किया।

साल 1992 में प्रीतम ने जूनियर एशिया कप में हिस्सा लिया। यह उनकी पहली अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा थी। उन्हें अपने पहले ही अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में बेस्ट प्लेयर का खिताब मिला। इसी साल प्रीतम ने रेलवे ज्वाइन कर लिया, जिसके बाद प्रीतम को खुद पर विश्वास हो गया कि वह अब अपने सपनों को पूरा करने के लिए समाज से लड़ सकती हैं।

हालांकि, कुछ वक्त बाद उनकी शादी हो गई। भले ही इसके बाद उन्हें सोनीपत जाना पड़ा, लेकिन पति और मायके से उन्हें भरपूर सपोर्ट मिला।

प्रीतम ने 1998 में एशियाड में भारत की कमान संभालते हुए देश को रजत पदक दिलाया। इसके बाद साल 2002 में कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत को गोल्ड मेडल दिलाने में प्रीतम की अहम भूमिका रही।

साल 2002 में प्रीतम ने कोचिंग शुरू करने का फैसला लिया। प्रीतम सिवाच कॉमनवेल्थ गेम्स 2010 में भारतीय महिला हॉकी टीम की ट्रेनर थीं। आज वह वह सोनीपत में द प्रीतम सिवाच एकेडमी चलाती हैं, जहां से ट्रेनिंग लेकर कुछ खिलाड़ियों ने ओलंपिक में भी खेला है।

हॉकी में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रीतम सिवाच को साल 1998 में अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया, जिसके बाद साल 2021 में उन्हें द्रोणाचार्य पुरस्कार से नवाजा गया।

## ग्रीव्स, रदरफोर्ड और वारिकन को क्रिकेट वेस्टइंडीज का अनुबंध मिला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट वेस्टइंडीज ने 2025-26 सीजन के लिए पुरुषों के अंतरराष्ट्रीय रिटेनर कॉन्ट्रैक्ट्स की सूची में तीन बदलाव किए हैं। जस्टिन ग्रीव्स, शेरफेन रदरफोर्ड और जोमेल वारिकन को 15 सदस्यीय सूची में शामिल किया गया है। महिलाओं के अंतरराष्ट्रीय रिटेनर की सूची में, तेज गेंदबाज जैनिलिया ग्लासगो और शॉनिशा हेक्टर को 13 खिलाड़ियों के साथ शामिल किया गया है, लेकिन शमिलिया कॉनेल, चेरी एन फ्रेजर, चेडियन नेशन और रशदा विलियम्स सूची में अपनी जगह नहीं बना सकीं।



पुरुष खिलाड़ियों में शाई होप, शमार जोसेफ, ब्रैंडन किंग, अल्जारी जोसेफ, गुडाकेश मोती और जेडन सील्स को रिटेन किया गया है। वहीं महिलाओं की लिस्ट में हेली मैथ्यूज, स्टेफनी टेलर, डिएंड्रा डॉटिन और शेमाइन कैंपबेल शामिल हैं। इसके अलावा, 15 पुरुष और 14 महिला खिलाड़ियों को एकेडमी अनुबंध दिए गए हैं।

वेस्टइंडीज पुरुष अनुबंध 2025-26 =

सीनियर पुरुष = एलिक अथानाजे, कीसी कार्टी, रोस्टन चेज, जस्टिन ग्रीव्स, शाई होप, अकील होसेन, अल्जारी जोसेफ, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, गुडाकेश मोती, रोवमैन पॉवेल, शेरफेन रदरफोर्ड, जेडन सील्स, रोमारियो शेफर्ड, जोमेल वारिकन।

**स्टार्टर अनुबंध = ज्वेल एंड्रयू, जेदिया ब्लेड्स, जोहान लेयने।**

**पुरुष एकेडमी =** एकीम अगस्टे, रयान बंदू, जेडीया ब्लेड्स, रिवाल्डो क्लार्क, मावेंद्र डिंडयाल, जियोवोंटे डेपेइजा, नाथन एडवर्ड, डेमल एवलिन, अमारी गुडरिज, मबेकी जोसेफ, जोहान लेने, जिशान मोटारा, केल्विन पिटमैन, रेनिको स्मिथ, कार्लोन टकेट।

**वेस्टइंडीज महिला अनुबंध 2025-26 =** सीनियर महिला = आलियाह अलीन, शेमाइन कैंपबेल, डिएंड्रा डॉटिन, अफी फ्लेचर, जानिलिया ग्लासगो, शॉनिशा हेक्टर, चिनेले हेनरी, जैदा जेम्स, किआना जोसेफ, हेली मैथ्यूज, अश्मिनी मुनिसर, स्टेफनी टेलर, करिश्मा रामहैक।

स्टार्टर अनुबंध = जहजारा क्लैक्सटन, रीलेना ग्रिमोंड।

**महिला एकेडमी =** अबीगैल ब्राइस, असाबी कॉलेंडर, नैजानी कंबरबैच, शबिका गजनबी, ब्रायना हरीचरन, त्रिशन होल्डर, जेनाबा जोसेफ, निया लिचमैन, समारा रामनाथ, अमृता रामटहल, सेलेना रॉस, शुनेले सॉह, स्टेफी सोग्रीम, केट विल्मोट।

## ट्रॉफी विवाद : मोहसिन नकवी ने BCCI से मांगी माफी, ट्रॉफी और मेडल देने से किया इनकार-कहा, सूर्या दुबई आकर ले जाए



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के बीच एशिया कप 2025 की ट्रॉफी को लेकर चल रहा विवाद गहरा गया है। पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी ने अपनी हरकत को लेकर BCCI से माफी मांगी है, लेकिन उन्होंने ट्रॉफी और मेडल देने से साफ इनकार कर दिया। नकवी ने कहा कि सूर्या (सूर्यकुमार यादव) अगर सम्मान प्राप्त करना चाहते हैं तो उन्हें दुबई आकर ट्रॉफी लेनी होगी। जानकारी के मुताबिक बैठक में बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व करने वाले राजीव शुक्ला ने नकवी से कड़े सवाल पूछे। शुक्ला ने कथित तौर पर चर्चा के दौरान कहा, विजेता टीम को ट्रॉफी क्यों नहीं सौंपी गई? एसीसी ट्रॉफी किसी व्यक्ति की निजी संपत्ति नहीं है।बैठक में मोहसिन नकवी ने दावा किया कि एसीसी को कोई लिखित सूचना नहीं दी गई थी कि भारतीय टीम उनसे ट्रॉफी स्वीकार नहीं करेगी।

आपको बता दे की मोहसिन नकवी एसीसी और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष होने के साथ-साथ पाकिस्तान के गृह मंत्री भी हैं। एशिया कप फाइनल में भारतीय टीम की पाकिस्तान पर जीत के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव ने मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। लंबे इंतजार के बाद भारतीय टीम को सौंपने की जगह नकवी ट्रॉफी लेकर चले गए थे।

## क्रिकेटर तिलक वर्मा ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से मुलाकात की

**हैदराबाद,।** एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की जीत के नायक युवा क्रिकेटर तिलक वर्मा ने मंगलवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी से शिष्टाचार भेंट की। तिलक वर्मा का सोमवार रात राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, आज हैदराबाद से मिले प्यार और समर्थन से अभिभूत हूं। मेरे साथ खड़े रहने के लिए हर भारतीय का तहे दिल से आभारी हूं। जय हिंद।

22 वर्षीय इस बल्लेबाज ने नाबाद 69 रनों की वीरतापूर्ण पारी खेलकर भारत को जीत दिलाई, जब टीम शुरुआती तीन विकेट गंवाने के बाद संघर्ष कर रही थी। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने चार छक्के और तीन चौके लगाए और उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।



एक इलेक्ट्रिशियन के बेटे वर्मा ने मंगलवार को लिंगमपल्ली स्थित लीगल क्रिकेट अकादमी का दौरा किया, जहां उन्होंने प्रशिक्षण लिया था। अपने बचपन के कोच और मार्गदर्शक सलाम बयाश के साथ, इस उभरते हुए सितारे ने मैदान पर युवाओं से बातचीत की। राष्ट्रीय ध्वज थामे इस क्रिकेटर की एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए।

मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, इस क्रिकेटर ने कहा कि वह अपने बचपन के कोच सलाम के हमेशा ऋणी रहेंगे। उन्होंने कहा कि सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली की तरह, वह हमेशा अपने कोच का बहुत सम्मान करते हैं। इस युवा हैदराबादी खिलाड़ी ने कहा कि रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ उनकी पारी उनके दो शतकों से भी बेहतर थी। फाइनल के बारे में बात करते हुए, वर्मा ने कहा कि पाकिस्तानी टीम ने शुरुआत में तीन विकेट गंवाने के बाद उन पर कड़ा प्रहार किया, लेकिन उन्होंने शांत रहने की कोशिश की।

उन्होंने कहा, हम पहले ही तीन विकेट गंवा चुके थे। मुझे लगा कि अगर मैं दबाव में आ गया, तो मैं न केवल खुद को बल्कि पूरे देश को निराश करूंगा। वर्मा ने कहा कि पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने बहुत कुछ कहा, लेकिन वह शांत रहे और बल्ले से ही बात करने दी।

## एशियाई एक्वेटिक्स चैंपियनशिप: श्रीहरि नटराज ने 100 मीटर फ्रीस्टाइल में कांस्य पदक जीता



**अहमदाबाद, एजेंसी।** वीर सावरकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, अहमदाबाद में चल रही 11वीं एशियाई एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की 100 मीटर फ्रीस्टाइल में श्रीहरि नटराज ने कांस्य पदक जीता। यह उनका पांचवा पदक था। बेनेडिक्टॉन ने पुरुषों की 50 मीटर बटरफ्लाई में रजत पदक जीतकर भारत के पदकों की कुल संख्या 9 कर दी। कांस्य पदक जीतने के बाद श्रीहरि ने कहा, इस साल मेरा सीजन अच्छा रहा है और मुझे लगता है कि मेरी ट्रेनिंग वाकई अच्छी चल रही है। मैं हीट में तेज था और जिस तरह से मेरी ट्रेनिंग चल रही थी, मुझे लगा था कि मैं यहां और भी तेज हो जाऊंगा। मुझे खुशी है कि मैं पोडियम पर पहुंचने में कामयाब रहा।

पुरुषों की 50 मीटर बटरफ्लाई में, रोहित बी बेनेडिक्टॉन ने अच्छी शुरुआत की और 23.89 के समय के साथ रजत पदक जीता, कजाकिस्तान के आदिलबेक मुसिन से थोड़े से अंतर से पीछे रहे, जिन्होंने 23.74 के समय के साथ पहला स्थान हासिल किया।

इस बीच, महिलाओं की 100 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में, भारत की धिनिधि देसिंघु और शशिधर रुजुला ने फाइनल में जगह बनाई, लेकिन शीर्ष आधे से आगे नहीं बढ़ सकीं और क्रमशः छठे और आठवें स्थान पर रहीं।

### परिणाम

**पुरुष तैराकी**

**400 मीटर फ्रीस्टाइल**
हाइबो जू (चीन) 3=0.49.29, हुई होआंग गुयेन (वियतनाम) 3=51.63, होए येआन खियू (मलेशिया) 3=52.6,

**100 मीटर फ्रीस्टाइल**
हाइयू वांग (चीन) 49.19, अली तामेर हसन (कतर) 49.46, श्रीहरि नटराज (भारत) 49.96

**200 मीटर व्यक्तिगत मेडले**
यिचेन शी (चीन) 1=59.97, हसिन हाओ वांग (चीनी ताइपे) 2=01.05, हंग न्गुयेन ट्रान (वियतनाम) 2=02.71

**100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक**
हैयांग किन (चीन) 59.07, थान बाओ फाम (वियतनाम) 1=01.08, यिक की त्सुई (हांगकांग) 1=01.89

**50 मीटर बटरफ्लाई**
आदिलबेक मुसिन (कजाकिस्तान) 23.74, रोहित बी बेनेडिक्टॉन (भारत) 23.89, मैक्सिम स्काजोबत्सोव (कजाकिस्तान) 23.90

**महिला तैराकी**

**800 मीटर फ्रीस्टाइल**
हारुनो तानिमोतो (जापान) 8=47.48, थी माई टीएन वीओ (वियतनाम) 8=54.43, जियालियन कैंडिस जीएओ (हांगकांग) 9=02.82

**100 मीटर फ्रीस्टाइल**
मिंग्यु लुओ (चीन) 55.63, सुम यिउ ली (हांगकांग) 55.92, थ्यू हिएन गुयेन (वियतनाम) 56.01

**200 मीटर व्यक्तिगत मेडले**
मन इशिकावा (जापान) 2=12.00, यानजुन झोउ (चीन) 2=15.30, थी माई टीएन वो (वियतनाम)

## ट्रॉफी हमारी है, हम ले लेंगे, बीसीसीआई ने मोहसिन नकवी की कार्यशैली पर कड़ी आपत्ति जताई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने एशिया कप फाइनल के बाद हुए विवाद और भारतीय टीम को ट्रॉफी न सौंपने के एसीसी अध्यक्ष मोहसिन नकवी के फैसले पर कड़ी आपत्ति जताई है। जानकारी के मुताबिक बैठक में बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व करने वाले राजीव शुक्ला ने नकवी से कड़े सवाल पूछे। शुक्ला ने कथित तौर पर चर्चा के दौरान कहा, विजेता टीम को ट्रॉफी क्यों नहीं सौंपी गई? एसीसी ट्रॉफी किसी व्यक्ति की निजी संपत्ति नहीं है।



बैठक में मोहसिन नकवी ने दावा किया कि एसीसी को कोई लिखित सूचना नहीं दी गई थी कि भारतीय टीम उनसे ट्रॉफी स्वीकार नहीं करेगी।

सूत्रों के मुताबिक, नकवी ने बैठक के दौरान भारत टीम को एशिया कप जीत की बधाई भी नहीं दी। उन्होंने नेपाल और मंगोलिया को एसीसी में शामिल होने पर बधाई दी, लेकिन भारत का जिक्र नहीं किया।

आईएएनएस को मिली जानकारी के मुताबिक एशिया कप ट्रॉफी पर बीसीसीआई ने अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि हमें ट्रॉफी सौंपी जानी चाहिए। जरूरत पड़ने पर हम इसे सीधे एसीसी कार्यालय से ले लेंगे। बैठक में एसीसी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने बीसीसीआई से ट्रॉफी मुद्दे पर बातचीत का प्रस्ताव दिया, जिसे बीसीसीआई की तरफ से साफ इनकार कर दिया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने कहा कि कोई बातचीत नहीं होगी, ट्रॉफी हमारी है।

बीसीसीआई द्वारा कई बार मांगे जाने के बाद भी नकवी ट्रॉफी सौंपने को तैयार नहीं हुए। मामले में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड अब आईसीसी में आधिकारिक शिकायत दर्ज कराने की तैयारी कर रहा है।

मोहसिन नकवी एसीसी और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष होने के साथ-साथ पाकिस्तान के गृह मंत्री भी हैं। एशिया कप फाइनल में भारतीय टीम की पाकिस्तान पर जीत के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव ने मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। लंबे इंतजार के बाद भारतीय टीम को सौंपने की जगह नकवी ट्रॉफी लेकर चले गए थे।

## महिला वनडे विश्व कप : भारतीय टीम का विजयी आगाज, श्रीलंका को दी मात, बल्ले और गेंद से दीप्ति का कमाल



**गुवाहाटी, एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने वनडे विश्व कप का आगाज जीत के साथ किया है। बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम, गुवाहाटी में खेले गए महिला वनडे विश्व कप के उद्घाटन मैच में भारतीय टीम ने डकवर्थ लुईस (डीएलएस) नियम के आधार पर श्रीलंका को 59 रन से हरा दिया। भारतीय टीम की जीत की हीरो ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा रहीं, जिन्होंने बल्ले और गेंद से कमाल का प्रदर्शन किया। भारत के लिए बल्ले से कमाल करने वाली दीप्ति शर्मा ने गेंद से भी शानदार प्रदर्शन किया। दीप्ति ने 10 ओवर में 54 रन देकर 3 विकेट लिए। स्नेह राणा और श्री चरणी ने 2-2 विकेट लिए। क्रांति गौड़, अमनजोत कौर, प्रतिका रावल ने 1-1 विकेट लिए।

इससे पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। 14 के स्कोर पर स्मृति मंधाना के रूप में टीम को पहला झटका लगा। मंधाना 8 रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद ओपनर प्रतिका रावल और हरलीन देओल ने दूसरे विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी की। रावल 59 गेंद पर 1 छक्का और 3 चौके की मदद से 37 रन बनाकर आउट हुई।

देओल ने कप्तान हरमनप्रीत कौर के साथ तीसरे विकेट के लिए 39 रन जोड़े। टीम का स्कोर जब 120 था, हरलीन 64 गेंद पर 48 रन बनाकर आउट हुई। हरमनप्रीत कौर 21, जबकि जेमिमा रोड्रिग्स शून्य पर आउट हुई। ऋचा घोष भी 2 रन बनाकर आउट हो गई। भारतीय टीम 27 ओवर में 124 रन पर 6 विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही थी। दीप्ति शर्मा और अमनजोत कौर ने सातवें विकेट के लिए 103 रन की साझेदारी कर टीम को मुश्किल से निकाला। अमनजोत कौर ने वनडे करियर का पहला अर्धशतक लगाया। वह 56 गेंद पर 1 छक्का और 5 चौके की मदद से 57 रन बनाकर आउट हुई।

आठवें विकेट के लिए दीप्ति शर्मा और स्नेह राणा के बीच 21 गेंद पर 42 रन की साझेदारी हुई। दीप्ति शर्मा पारी की आखिरी गेंद पर 53 रन बनाकर आउट हुई। 53 गेंदों पर खेली इस अहम पारी में उन्होंने 3 चौके लगाए। स्नेह राणा 15 गेंद पर 2 छक्के और 2 चौके की मदद से 28 रन बनाकर नाबाद रहीं। भारतीय टीम ने 47 ओवर में 8 विकेट पर 269 रन बनाए। बारिश की वजह से मैच 50 की जगह 47 ओवर का खेला गया था।

## मुख्य सचिव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से भावांतर योजना के संबंध में दिए निर्देश

# भावांतर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएंः मुख्य सचिव

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को सोयाबीन खरीदी के लिए लागू भावांतर योजना के संबंध में निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि योजना का लाभ उठाने के लिए किसानों का पंजीयन 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक किया जा रहा है। सोयाबीन का उपार्जन 24 अक्टूबर से 15 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। किसानों को उपज का अधिकतम दाम देने के लिए भावांतर योजना अत्यंत लाभकारी है। कलेक्टर और कृषि विभाग के अधिकारी भावांतर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। सभी पात्र किसानों का पंजीयन कराएं जिससे किसान योजना का लाभ उठा सकें। प्रदेश भर में 2 अक्टूबर को आयोजित की जा





रही विशेष ग्राम सभाओं में नोडल अधिकारी तथा कृषि विभाग के अधिकारी भावांतर योजना की जानकारी दें। सभी मण्डी परिसरों में भावांतर योजना की जानकारी देने वाले होर्डिंग तत्काल लगवाएं। प्रिंट मीडिया तथा सोशल मीडिया में भी भावांतर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। सभी कलेक्टर जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित करके योजना की जानकारी दें। किसान तक सही कम्युनिकेशन होगा तभी योजना का प्रभावी क्रियान्वयन होगा।

मुख्य सचिव ने कहा कि 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा। इस अवधि में कार्यालयों, सभी महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों की विशेष साफ-सफाई कराएं। इसके साथ-साथ कार्यालयों की अनुपयोगी सामग्री को भी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्यालय से हटाएं। साथ ही लोक सेवा गारंटी योजना का कठोरता से पालन करते हुए आमजनता को वांछित गतिविधियाँ तय समय सीमा में उपलब्ध कराएं। कार्यालय में लंबित आवेदन पत्रों, शिकायतों तथा अन्य कार्यों को भी इस अवधि में पूरा कराएं। बैठक में अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल ने भावांतर योजना की जानकारी दी। कमिश्नर कार्यालय से वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कमिश्नर बीएस जामोद, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, प्रभारी संयुक्त संचालक कृषि प्रीति द्विवेदी तथा कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से कलेक्टर प्रतिभा पाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, उप संचालक कृषि यूपी बागरी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## असत्य पर सत्य की विजय का पर्व है विजयादशमी : उप मुख्यमंत्री

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने प्रदेशवासियों को विजयादशमी (दशहरा), महात्मा गांधी जयंती और भारत रत्न लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि विजयादशमी का पर्व असत्य पर सत्य, अन्याय पर न्याय और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। यह पर्व हमें जीवन में नैतिकता, सदाचार और सत्यनिष्ठा को अपनाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कामना की कि यह पर्व सभी के जीवन में नई ऊर्जा, उत्साह और सुख-समृद्धि लेकर आए।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि गांधी जी का सत्य, अहिंसा और सादगी का संदेश आज भी समाज का पथ-प्रदर्शन कर रहा है। स्वच्छता, ग्रामोदय और आत्मनिर्भरता के उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि शास्त्री जी का 'जय जवान, जय किसान' का नारा आज भी देश को आत्मनिर्भरता और राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित करता है। उनका सादा जीवन और उच्च विचार हम सबके लिए अनुकरणीय हैं।

## तीर्थदर्शन ट्रेन 25 अक्टूबर को जाएगी द्वारका और सोमनाथ

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** शासन द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को एक तीर्थस्थान की निःशुल्क यात्रा कराने के लिए मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना लागू की गई है। इस योजना के द्वारा 60 साल से अधिक आयु के मध्यप्रदेश के निवासी नागरिकों को निःशुल्क तीर्थयात्रा का एक बार अवसर दिया जाता है। इस योजना के तहत रीवा जिले के 200 बुजुर्गों को 25 अक्टूबर को द्वारिका और सोमनाथ की तीर्थयात्रा का अवसर दिया जा रहा है। इस संबंध में प्रभारी अधिकारी धर्मस्व ने बताया कि तीर्थदर्शन ट्रेन 25 अक्टूबर को रीवा रेलवे स्टेशन से रवाना होगी। यह ट्रेन 31 अक्टूबर को वापस लौटेगी। इसमें रीवा के 200 बुजुर्गों के साथ-साथ मऊगंज जिले के 179, सतना के 200 तथा मैहर जिले 200 बुजुर्गों को निःशुल्क तीर्थयात्रा कराई जाएगी।

तीर्थयात्रियों को सहयोग देने के लिए प्रत्येक जिले से चार अनुरक्षक भी उनके साथ जाएंगे। आवेदक बुजुर्ग को आयकर दाता नहीं होना चाहिए। पात्र बुजुर्ग अपनी जनपद पंचायत, तहसील कार्यालय अथवा नगरीय निकाय में 13 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित संख्या से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर लाटरी के माध्यम से तीर्थयात्रियों का चयन किया जाएगा। यात्रा के दौरान सभी तीर्थयात्रियों को ठहरने, भोजन, पानी, चाय और नाश्ते की निःशुल्क सुविधा दी जाएगी। सभी तीर्थयात्री अपने साथ मौसम के अनुकूल कपड़े, अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री तथा दवाएं अपने साथ रखें। महिला तीर्थयात्रियों को आयु सीमा में दो वर्ष की छूट रहेगी।

## आतिशबाजी लायसेंस के लिए आवेदन 14 अक्टूबर तक

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** दीपावली के अवसर पर आतिशबाजी विक्रेता 14 अक्टूबर को शाम 6 बजे तक एमपी ई सर्विस पोर्टल के माध्यम से आतिशबाजी लायसेंस के लिए आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से करना होगा। शहरी क्षेत्र रीवा के लिए आतिशबाजी लायसेंस के आवेदन की हार्ड कॉपी कलेक्टर कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। शहरी क्षेत्र में आतिशबाजी लायसेंस के नवीन आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। इस संबंध में अपर जिला दण्डाधिकारी सपना त्रिपाठी ने बताया कि आतिशबाजी लायसेंस के आवेदन के साथ पुलिस चरित्र सत्यापन, पासपोर्ट फोटो, वोटर आईडी, एवं आधार कार्ड की छायाप्रति और 500 रूपये शुल्क लोक सेवा केंद्र के माध्यम से जमा करना होगा। आतिशबाजी/पटाखा विक्रय के लिए अस्थाई लायसेंसधारी को बेसिक ट्रेनिंग स्कूल ग्राउंड खुटेही तथा ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धारित स्थानों में दुकान लगानी होगी।

अपर जिला दंडाधिकारी ने बताया कि दुकानों का आवंटन 16 अक्टूबर को अपरान्ह 3 बजे से लाटरी द्वारा किया जायेगा।







## पति-पत्नी और पोते ने दादा की हत्या की, बहू को दुर्गा पंडाल में नृत्य करने से रोका था; तीनों आरोपी गिरफ्तार

**मीडिया ऑडीटर, मऊगंज (निप्र)।** जिले के हनुमना थाना क्षेत्र के ग्राम हाटा में एक पारिवारिक विवाद ने शुक्रवार की रात (29 सितंबर) को हिंसक रूप ले लिया। दुर्गा पंडाल में अपनी बहू को गांव के लोगों के साथ नाचने से रोकने को लेकर शुरू हुए विवाद में, बेटे, पत्नी और पोते ने मिलकर दादा रामरती विश्वकर्मा की हत्या कर दी। 1 अक्टूबर को पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी हनुमना अनिल काकडे ने बताया कि यह घटना 29 सितंबर की रात लगभग 10 बजे की है। मृतक रामरती विश्वकर्मा गांव के दुर्गा पंडाल पहुंचे और उन्होंने अपनी बहू को नाचने से मना किया। इस बात को लेकर घर लौटने के बाद विवाद बढ़ गया।



गुस्से में आकर मृतक के पोते सोनू विश्वकर्मा उर्फ हरिश्चंद्र (24 वर्ष) ने हत्या की नीयत से फावड़ा उठाया और रामरती पर वार कर दिया। फावड़े का वार सीधे मृतक के सीने और चेहरे पर लगा, जिससे वे जमीन पर गिर पड़े। इसके बाद मृतक के बेटे वेदप्रकाश विश्वकर्मा (37 वर्ष) और पत्नी ने भी लाठी से उन पर हमला किया। गंभीर चोटें लगने के कारण रामरती विश्वकर्मा की मौके पर ही मौत हो गई।

# नईगढ़ी अष्टभुजा धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## नवरात्रि के अंतिम दिन सुबह से लगी कतारें, 500 साल पुराना है मंदिर

**मीडिया ऑडीटर, मऊगंज (निप्र)।** जिले के नईगढ़ी कस्बे के देवीपुर में स्थित ऐतिहासिक अष्टभुजा धाम में नवरात्रि के आखिरी दिन सुबह से श्रद्धालुओं की लंबीलंबी कतारें लगी हुई हैं। लोग दूर-दराज से माता के दर्शन के लिए आए हैं। देवी के इस धाम का महत्व लगभग 500 वर्ष पुराना है। क्षेत्रीय इतिहासकारों के अनुसार, मां अष्टभुजा का अवतरण घने जंगल में एक दिव्य ज्वाला के रूप में हुआ था। किंवदंती है कि लालगंज गांव के एक ग्वाल ने इस जलती ज्वाला को बुझाने का प्रयास किया था, लेकिन यह साधारण अग्नि नहीं, बल्कि देवी का स्वरूप था।

इसी दौरान सेंगरवंशीय राजा प्रताप सिंह को स्वप्न में देवी ने आदेश दिया कि यह स्थल उनका है और इसे श्रद्धालुओं के लिए छोड़ दिया जाए। देवी के निर्देश पर राजा ने वर्तमान नईगढ़ी का निर्माण कराया, और यह स्थान %देवीपुर% कहलाया। समीप की नदियों से निर्मित देवलहा जलप्रपात आज भी इस आस्था की गाथा का साक्षी है।



धाम का वर्तमान भव्य मंदिर लगभग 126 वर्ष पूर्व साधु राम कोडरिया द्वारा निर्मित कराया गया था। बाद में स्थानीय श्रद्धालुओं ने इसका जीर्णोद्धार कराया। यह स्थल आज आस्था का जीवंत केंद्र है, जहाँ प्रतिवर्ष दशहरा, रामनवमी और हरियाली पूजन जैसे पर्वों पर दूर-दूर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुँचते हैं।

यहां एक विशेष मान्यता है कि मनौती पूर्ण होने पर जिंदा बकरा चढ़ाया जाता है। पुजारी पं. जयप्रकाश नारायण के अनुसार, देवी के नाम से चढ़ाया गया बकरा मूर्छित हो जाता है और फिर देवी के आशीर्वाद से पुनः उठ खड़ा होता है। श्रद्धालु यहां जीभ चढ़ाने की परंपरा का भी पालन करते हैं, जिसके बारे में कहा जाता है कि वह चमत्कारिक रूप से वापस लौट आती है।

अष्टभुजा धाम अब केवल श्रद्धा का केंद्र नहीं, बल्कि सैकड़ों दुकानों और हजारों परिवारों के जीवन-निर्वाह का आधार भी बन चुका है। शासन-प्रशासन द्वारा धर्मशाला और जल की व्यवस्था जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं। हालांकि, श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए इन व्यवस्थाओं के विस्तार की आवश्यकता अभी भी बनी हुई है। महाष्टमी और नवमी के अवसर पर भक्तों का भारी सैलाब उमड़ता है, जिसके लिए पुलिस-प्रशासन द्वारा चाक-चौबंद व्यवस्था की जाती है।

## दुर्गा पंडाल में घुसकर तलवार लहराई, रास्ते से निकलने की बात पर विवाद; महिलाओं के साथ की गाली-गलौज, आरोपी फरार

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** सुंदर नगर इलाके में स्थित दुर्गा पंडाल में बुधवार को नवमी के अवसर पर आयोजित भंडारे के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों ने जमकर हंगामा किया। 6 से ज्यादा युवक तलवार, चाकू और लाठी-डंडों से लैस होकर मौके पर पहुंचे और पूजा में शामिल लोगों के साथ मारपीट करने लगे। महिलाओं और बच्चों से भी बदसलूकी की गई। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

**रास्ते से निकलने को लेकर हुआ विवादः** जानकारी के अनुसार, सुंदर नगर दुर्गा पंडाल में भंडारा और कीर्तन चल रहा था। तभी रास्ते से निकलने की बात को लेकर कुछ युवकों से विवाद हो गया। देखते ही देखते आधा दर्जन युवक



हथियारों से लैस होकर पंडाल में घुस आए और अचानक मारपीट करने लगे। उन्होंने पंडाल का सामान फेंककर तोड़फोड़ की और पंडाल का एक हिस्सा भी गिरा दिया।

**घटना का वीडियो आया सामनेः** इस पूरे घटनाक्रम का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें युवक हथियार लहराते और पंडाल में तोड़फोड़ करते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो में दिख रहा है कि किस तरह से युवक दहशत फैलाते हुए लोगों को डराने की कोशिश कर रहे हैं।

**प्रत्यक्षदर्शी बोले- जानबूझकर माहौल खराब करना चाहते थे आरोपीः** घटना की चश्मदीद पूर्णिमा सिंह ने बताया कि कार्यक्रम शांतिपूर्वक चल रहा था, लेकिन अचानक कुछ युवक तलवार, चाकू और डंडे लेकर पंडाल में घुस आए। उन्होंने बिना किसी वजह के गाली-गलौच और मारपीट शुरू कर दी। तोड़फोड़ के बाद सभी युवक मौके से फरार हो गए।

## बीच सड़क पर चले चप्पल और डंडे, महिला और पुरुष के बीच ठनी, हाईवोल्टेज ड्रामा देखने जुटे लोग

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** बीच सड़क महिला पुरुष के बीच मारपीट हो गई। जहां महिला ने पुरुष पर चप्पल बरसाए तो वहीं पुरुष ने डंडे से मारपीट की। पूरी घटना पीली कोठी स्थित घंटाघर के सामने हुई। जहां स्थानीय लोगों ने किया बीच बचाव किया। दरअसल शहर के शिल्पी प्लाजा स्थिति पीली कोठी में बुधवार को बीच सड़क महिला और पुरुष का हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। जहां आपस में विवाद कर रहे महिला पुरुष ने एक दूसरे के साथ जमकर मारपीट की, जिस दौरान चप्पल और डंडे चले।

**काफी देर लोग बने रहे तमाशबीन, नहीं किया बचावः** सड़क के बीचों-बीच महिला और पुरुष के बीच जमकर मारपीट हुई, जिस दौरान पहले तो काफी देर लोग तमाशबीन की तरह मारपीट की घटना को देखते रहे लेकिन बाद में बीच बचाव कर मामले को शांत कर दिया गया। पीली कोठी स्थित साई मंदिर और घंटाघर के बीच बीच विवाद कर रहे महिला और पुरुष को देखने के लिए लोगों की भीड़ भी इकट्ठा हो गई। जिसका वीडियो भी सामने आया है।

वीडियो में साफ तौर पर महिला और पुरुष एक दूसरे के साथ मारपीट करते नजर आ रहे हैं,



जिसमें महिला पुरुष के ऊपर चप्पले बरसा रही है, तो वहीं पुरुष दोनों हाथों में डंडे लेकर महिला को पीटता नजर आ रहा है।

**पुलिस दोनों की तलाश में जुटीः** हालांकि जब स्थानीय लोगों ने विवाद कर रहे दोनों लोगों से उनका परिचय और विवाद की वजह जाननी चाही तो दोनों ही वहां से चले गए और पुलिस केस में न फंसने की बात कही। महिला और पुरुष कौन हैं और उनके बीच किस बात को लेकर विवाद हुआ है यह स्पष्ट नहीं हो सका, वहीं इस घटना की शिकायत भी थाने में दर्ज नहीं कराई गई है। बहरहाल पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर दोनों की तलाश कर रही है।

# सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में सभी विभाग ए-ग्रेड में रहें : कलेक्टर

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में टीएल बैठक में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण तथा समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी प्रकरणों के निराकरण में ए-ग्रेड में रहें तथा संतुष्टिपूर्वक निराकरण सुनिश्चित करायें। उन्होंने बिजली विभाग की अत्यधिक शिकायतों में बिल के अधिक होने तथा फ्लैट रेट में बिलिंग किये जाने को गंभीरता से लेते हुए निर्देश दिये कि मीटर रीडिंग के अनुसार ही बिल दिये जांय तथा प्राप्त होने वाली शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता से करें। उन्होंने गत सप्ताह तहसील स्तर की शिकायतों के कम निराकरण



होने पर निर्देशित किया कि निराकरण में गति लायें।

**सिटीजन चार्टर अन्तर्गत समय सीमा में सेवाएँ दें :-** कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि सिटीजन चार्टर में समय सीमा में सेवाएँ दी जांय। उन्होंने कहा कि आगामी 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान के तहत साफ-सफाई के साथ ही 30 सितंबर तक के लंबित प्रकरणों का इस अवधि में निराकरण करें। उन्होंने आरसीएमएस में दर्ज प्रकरणों को निराकृत करने के भी निर्देश दिये।

**दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का पालन सुनिश्चित करें :-** कलेक्टर ने आगामी 2 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक संचालित होने वाले दुग्ध समृद्धि अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु दुग्ध उत्पादकों से संपर्क कर दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिये प्रेरित करें तथा अभियान में जनप्रतिनिधियों की भी सहभागिता सुनिश्चित करायें।

**ग्रामसभा में भावान्तर योजना व अन्य एजेंडा पर चर्चा करायें :-** कलेक्टर ने बैठक में निर्देश दिये कि आगामी 2 अक्टूबर को आयोजित होने वाली ग्राम सभा में भावान्तर योजना के विषय में किसानों को जानकारी दें। सोयाबीन के घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य तथा राज्य के मंडी के मॉडल भाव। विक्रय मूल्य के अंतर राशि का भुगतान कृषकों को किया जायेगा। इस योजना में पंजीयन 3 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 17 अक्टूबर तक चलेगा तथा योजना का लाभ 24 अक्टूबर से 15 जनवरी तक मिलेगा।

**सड़कों का सुधार कार्य प्राथमिकता से करें :-** कलेक्टर ने सड़क निर्माण एवं निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वर्षाकाल में क्षतिग्रस्त हुई सड़कों व पुल-पुलियों का अभियान चलाकर सुधार कार्य करायें। उन्होंने रीवा शहर की सभी सड़कों, फ्लाई ओवर तथा डभौरा सिरमौर सड़क का सुधार कार्य तत्काल प्रारंभ कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने आदिकर्मयोगी अभियान में जिले के 414 ग्रामों की व्हीएपी निर्माण तथा इसकी फीडिंग किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के तहत जिले में अब तक किये गये स्वास्थ्य जांच व स्क्रीनिंग की समीक्षा की। कलेक्टर ने बैठक में अनुपस्थित बीएमओ कल्याण सिंह को निलंबित किये जाने का प्रस्ताव भेजने के निर्देश सीएमएचओ दिये।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक/प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया ऑडीटर पब्लिकेशन प्रा.लिमि. राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से प्रकाशित, **संपादक संदीप द्विवेदी**, आर.एन.आई नं. 69082/97, डाक पंजीयन क्र.- म. प्र./ रीवा संभाग/ 46/2023-2025, प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9589645803, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।